होली

वर्ष : ४ अंक : ६
२१ मार्च, २०२४

RNI-UPHIN/2021/79954

पंद्रह रुपए

खुले दिमाग़ के खुले विचार

ओपन डोर

राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचार-पत्र

कविता दिवस पर फायकू चर्चा

छन्दों की निराली बात
फायकू है लाजवाब
तुम्हारे लिए

रंगों की मस्ती में होली का धमाल तुम्हारे लिए

होली के फायकू

A Complete Dulha Collection

NIIMMY collection

All Branded Readymade Cloths Available

Raymond Siyaram's Grasim

Shanni Khan
7500359311

Mohd. Saqib
8433211867

हर प्रकार के कोट-पेंट,
शेरवानी, इंडोवेस्टर्न, जवाहरकट,
जोधपुरी सूट, डिजाइनर सूट,
कुर्ता-पाजामा आदि उपलब्ध है।

निशुल्क प्रकाशन

Lahoti Market, Shop No. A/1, Station Road, Najibabad

संपादकीय

सभी फायकूकारों का आभार

यह सच है कि फायकू सर्वप्रथम श्रीभगवान की असीम अनुकम्पा से प्रथम बार मेरे ही मुंह से निकली। देखते ही देखते अर्चना राज नागपुर से, रश्मि अभय पटना से, सविता मिश्रा आगरा से, आशा पाण्डेय ओझा 'आशा' जोधपुर से और न जाने कितने साहित्यकारों ने फायकू की पतवार संभाली। तत्पश्चात २०१३ के आगरा ताज महोत्सव में प्रसिद्ध व्यंग्यकार अविनाश वाचस्पति जी ने विस्तृत रूप से फायकू पर चर्चा की। कुछ काल अनुकूल नहीं रहा मगर २०२३ में जिस तरह से डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल' ने फायकू को अपने कंधे पर बैठाया और उसे दूर के दर्शन कराए तो मानो फायकू को पंख लग गए। फायकू पर चर्चा के दौरान जिन्होंने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए हैं, उनका सारांश प्रस्तुत है-

महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा सम्मानित और आज की सशक्त फायकूकार रश्मि अग्रवाल जी लिखती हैं- हमें भी यह विद्या अच्छी लगी थी। हमने भी फायकू की रचना की। डॉ. भूपेन्द्र कुमार- फायकू केवल कुछ शब्दों की जोड़ गाँठ ही नहीं है इसमें शब्द हैं अर्थ हैं भाव हैं काल है परिस्थितियों का वर्णन है। नरेश सिंह नयाल- पहली बार इस विधा से मेरा परिचय डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल' आदरणीय महोदय जी के सौजन्य से तब हुआ जब मैं खेलों के सिलसिले में चीन के शहर होंगझोऊ में था। सुखमिला अग्रवाल, 'भूमिजा' - फायकू की सर्वप्रथम जानकारी मुझे अनिल अभिव्यक्ति पटल पर डॉ. अनिल शर्मा अनिल जी द्वारा प्राप्त हुई। पहली बार में ही यह बहुत विशिष्ट विधा लगी। शुभा शुक्ला निशा- साहित्य के आधुनिक युग की इस प्यारी सी विधा के जनक आदरणीय श्री अमन कुमार त्यागी जी हैं और आदरणीय अनिल कुमार जी ने सजाया और संवारा है। नवनीता दुबे नूपुर- सुंदर, सीधे, सरल शब्दों में हम फायकू किसी भी विषय, पर, किसी विशेष त्योहार या दिवस के अवसर पर लिखते आ रहे हैं और सुंदर रंगीन अभिव्यक्ति में हमारी अभिव्यक्ति फायकू के माध्यम से विश्व विख्यात हो रही है। सुनील श्रीवास्तव राज- कम शब्दों में अधिक कहने की तकनीक जिस विधा में होती है वह पाठकों को भी आकर्षित करती है और जनसामान्य में अपना एक स्थान बना लेती है। अनुजा दुबे 'पूजा'- फायकू अपने आप में समर्पण भाव को समेटे एक अद्भुत विधा है। डॉ. पुष्पा सिंह- जीवन में रस भरती यह लघु विधा कम समय में रचनाकारों की अभिव्यक्ति में सहयोग कर आनंदवर्धक साबित हुई है। आज यह विधा साहित्यकारों में अपनी पहचान के साथ प्रेरक साबित हो रही है। आगामी दिनों में सबकी लाड़ली विधा साबित हो सकती है। संतोष गर्ग 'तोषी'- इसे लिखना और पढ़ना आसान है लेकिन सिर्फ ६ शब्दों में फायकू कविता को बांधना वही जानता है जो सच में सही रचनाकार हो। दिनेश कौशल- मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास भी है कि आने वाले समय में 'फायकू' नामक काव्य रचना स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी। विनीता चौरासिया- नौ शबद और तीन पंक्तियों की ये विधा स्वयं में विशिष्टता लिए हुए है जिसमें काव्य के समस्त रसों और भावों को सरलता से प्रस्तुत किया जा सकता है। सरिता त्रिपाठी- आज जब फिर समूह में सबको विचार लिखते देखा तो हमने भी सोचा क्यों न एक प्रयास कर ही लिया जाय। डॉ. प्रिया- यह लेखन एक ऐसा लेखन है जिसे हम गुनगुना सकते हैं, हास्य में भी प्रस्तुत कर सकते हैं। इस लेखन में 'तुम्हारे लिए' वाक्य सामने वाले के लिए समर्पित है। कनक पारख- सीप में मोती की जैसे कीमत होती है ठीक उसी तरह 'फायकू' विधा की साहित्य जगत में कीमत स्थापित हुई है। सत्येन्द्र शर्मा 'तरंग'- फायकू कम शब्दों में सम्पूर्ण कथ्य एवं समर्पण भावों को व्यक्त करने का अत्युत्तम माध्यम है। पंडित राकेश मालवीय मुस्कान- फायकू का ऐसा प्रवाह चलाया कि आज फायकू विधा की बाढ़ आ गई। निकेता पाहुजा- मन के भावों को शब्दों में समा देना ही तो कवि का कर्तव्य है और फायकू विधा तो और भी अनूठी है। योगिता चौरसिया 'प्रेमा'- साहित्यकारों की मनपसंद विधा बन चुका है फायकू। लक्ष्मी सिंह- फायकू कविता का भविष्य बहुत ही उज्ज्वल है। बहुत कम समय में ही यह जन-जन में बहुत प्रचलित हो गई है। प्रो. पूनम चौहान- फायकू साहित्य रूप में एक नई विधा है जिससे कम शब्दों में अधिक भावभिव्यक्ति संभव हो पाती है। और इसका अंतिम समापन, तुम्हारे लिए, से जब होता है तो यह समाज से जुड़ जाता है। ईश्वर चंद्र जायसवाल- जो रचनाकार छंदबद्ध तरीके से नहीं लिख सकते हैं वे फायकू विधा में आसानी से लिख सकते हैं। अशोक विश्नोइ- एक नई विधा का उदय हुआ है। अमन जी व डॉ. अनिल जी के माध्यम से हुआ है और वह विधा है फायकू यह बहुत ही सरल है कम शब्दों में बहुत बड़ी बात कही जाती है। अक्षि त्यागी- फायकू विधा एक ऐसी विधा है जिसमें हर कोई अपने मन के विचारों को कम शब्दों में पूरी कर देता है। डॉ. घनश्याम बादल, रुड़की- फायकू के समर्थकों का मानना है कि यदि कोई छंद या फिर सुर लय और ताल में पारंगत नहीं है तो उसे भी अपने भावों की अभिव्यक्ति का काव्य के माध्यम से अधिकार है। ज्योतिराज मधुरिमा- फायकू विधा में लिखना ही अपने आप में सुंदर भाव जागृत कर जाता है। डॉ. रेखा सक्सेना- फायकू विधा में कविता रचना आनन्ददायक है। यह रस सिद्ध छंदमय रचना है। विनोद शर्मा- इस विधा के जनक 'अमन त्यागी जी' एवं इस को अभिसिंचित करने वाले अनिल शर्मा 'अनिल' जी के प्रयासों की यह विधा सदैव ऋणी रहेगी। सीता त्रिवेदी- इतनी सरल सुहानी विद्या गजब की विधा, जिसकी तुलना किसी और से करना बिल्कुल बेमानी होगी। रेनू बाला सिंह- अमन त्यागी जी एवं अनिल शर्मा जी ने फायकू विधा को हिंदी साहित्य जगत में रचनात्मक खोज कर इतिहास रच दिया है। मैत्री मेहरोत्रा 'मैत्री'- फायकू विद्या नवीनतम होने के साथ-साथ आसानी से समझ आ जाती है और नए कलमकारों को भी रचना के अवसर प्रदान करती है। रंजना हरित- जिसका उद्गम आदरणीय श्री अमन कुमार त्यागी जी साहित्यकार के कर कमल द्वारा हुआ। और फायकू विधा को नन्हे-नन्हे कदमों से उंगली पड़कर चलने के साथ साथ ही दौड़ना सिखाया अनिल अभिव्यक्ति ग्रुप के संपादक डॉ. अनिल कुमार शर्मा 'अनिल जी' ने। महेजबीन मेहमूद राजानी- मैं अमन त्यागी जी और डॉ. अनिल जी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने फायकू विधा से परिचित करा कर हमारे ज्ञान में बढ़ोतरी करने का नेक काम इस मंच द्वारा किया है। मीना जैन- कुल मिलाकर ६ शब्दों की सार्थक रचना। अपने मनोभावों को प्रकट करने का सशक्त माध यम। कम शब्दों में सार गर्भित बात कहना गागर में सागर समाने बाली कहावत को चरितार्थ करता है।

सभी फायकूकारों के आभार सहित।

पत्रिका कैसी लगी? अवश्य बताएं।

अमन कुमार

खुले दिमाग के खुले विचार
ओपन डोर
राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचार-पत्र

मूल्य पंद्रह रुपए

वर्ष : ४, अंक : ०६, २१ मार्च, २०२४

संपादकीय कार्यालय- साई एंक्लेव, निकट धनौरा देवता, नजीबाबाद- २४६७६३ बिजनौर (उप्र)

सदस्यता प्राप्त करें

एक साल १००० रु., दो साल १६०० रु., पांच साल ४८०० रु.

अंक की हार्ड कॉपी न मिल पाने की दशा में पीडीएफ मिलेगी

वैधानिक-समाचार-पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी लेख/समाचार/ कविता/ कहानी/विज्ञापन आदि के लिए लेखक स्वयं जिम्मेदार होगा। विवाद की स्थिति में न्यायक्षेत्र नजीबाबाद होगा। सभी पद अवैतनिक

MSME-UDYAM-UP-17-0002703

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमन कुमार द्वारा आशीष प्रिंटर्स, मोहल्ला मकबरा, नजीबाबाद से मुद्रित तथा ए-७, आदर्श नगर, तातारपुर लालू, नजीबाबाद- २४६७६३ जिला बिजनौर (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-अमन कुमार

मोबाईल नं.- 9897742814

E-Mail- opendoornbd@gmail.com

RNI-UPHIN/2021/79954



कैसे पनपी विद्या फायकू? जाने हम अन्जाने तुम्हारे लिए

रश्मि अग्रवाल

फायकू हिन्दी साहित्य में प्रथम बार २०१२ में प्रयोग किया गया था। फायकू नाम से जो रचना कही गयी वह मात्र तीन पंक्ति की रचना है और इसमें मात्र नौ शब्दों का प्रयोग किया गया, जिनमें अंतिम दो शब्द 'तुम्हारे लिए' समर्पण भाव के साथ निश्चित कर दिए गए हैं। अब फायकू की इन तीनों पंक्तियों को भी तीन लोक के रूप में समझने का प्रयास करें। इनमें प्रथम पंक्ति में उद्‌देश्य होता है। अर्थात वह बात जो कही जा रही है, जबकि दूसरी पंक्ति में स्थिति वर्तमान रहते हुए अपनी इच्छा, विश्वास, योजना आदि रचनाकार का कृत्य स्पष्ट करती है। और तीसरी पंक्ति में रचनाकार की समस्त कर्मशीलता, इच्छाएं, विश्वास, योजनाएं आदि अपने इष्ट के प्रति समर्पित हो जाती हैं। प्रश्न यह था कि समर्पण को कैसे प्रदर्शित किया जाए? तमाम चिंतन और मंथन के बाद समर्पणभाव को ध्यान में रखते हुए अंतिम दो शब्द 'तुम्हारे लिए' निश्चित किए गए। ये दो शब्द 'तुम्हारे लिए' इस नई विधा को न सिर्फ नवीनता प्रदान करते हैं बल्कि उद्‌देश्य की पूर्ति भी करते हैं। यही दो शब्द इस रचना को प्रारंभ से अंत तक ऐसे बांध लेते हैं कि अनजान और अकवि भी सरलता के साथ फायकू की रचना कर सकता है। यह विद्या सर्वथा नूतन है बल्कि इसकी व्याकरण भी एकदम नयी और मात्राओं का मिथक तोड़ती हुई दृष्टिगोचर होती है। परन्तु पहली और दूसरी पंक्ति के भाव एक-दूसरे को स्पष्टता देते हुए होना आवश्यक है तभी फायकू में रचना के भाव समझ आयेंगे व 'तुम्हारे लिए' ये दो शब्द हम किसी को भी समर्पित कर सकते हैं।

फायकू की प्रथम पंक्ति में चार शब्द, दूसरी पंक्ति में तीन शब्द और तीसरी व अंतिम पंक्ति में दो शब्द 'तुम्हारे लिए' प्रत्येक फायकू के लिए आवश्यक निर्धारित किए गये हैं। परन्तु फायकू का प्रयोग ऐतिहासिक रूप से, उपनाम हेतु अथवा लोगों के समुच्चय में सुव्यवस्थित करने हेतु प्रकार के रूप में विकसित हुआ। यह विद्या धरती से जुड़ी है, इसमें कल्पना के घोड़े उड़ा सकते हैं, मगर पुनः धरती पर आ जाते हैं। क्योंकि FAYKO में FAY का अर्थ है तलछट (जमीन से मिला हुआ)। आयरिश में सुना जाता है कि इस शब्द का उपयोग परि अथवा अप्सरा के रूप में भी किया जाता है। प्रसिद्ध है कि आयरिश अपने नाम के बाद FAYKO शब्द का प्रयोग करते हैं। आयरिश में थल्ज्ञ्ट का मतलब 'उड़ाने के लिए, हवा' (To blow, Wind) है। उतना ही उड़ाना जिससे धरती पर वापिस आने में कोई कष्ट न हो।

सिर्फ नौ शब्दों से काम चलाए जाने की बात जब कही गयी तब एक भूचाल सा आ गया क्योंकि इस विद्या का जन्म दूरसंचार के फेसबुक पटल पर हुआ था। इसलिए इससे जुड़ने वाले लोगों की संख्या बढ़ती चली गयी। कुछ साहित्यकार फायकू की तुलना 'हायकू' से करते हुए पक्ष और विपक्ष में रहे। इसकी आलोचना का दौर चला, तत्पश्चात् फायकू को समझने का प्रयास भी किया गया और स्वयं फायकू के विरोध का उत्तर भी 'फायकू' में दिया जाने लगा यानि सीधे-सीधे कहें तो उन्हें फायकू भाने लगे। लेकिन जो लोग फायकू के पक्ष में थे उन्होंने तो, बहुत से विषय को छूते हुए फायकू की जैसे- बाढ़ ही ला दी थी। परिणाम यह हुआ कि २०१३ के आगरा ताज महोत्सव में प्रसिद्ध व्यंग्यकार अविनाश वाचस्पति जी ने विस्तृत रूप से फायकू पर चर्चा की। देखते ही देखते अर्चना राज नागपुर से, रश्मि अभय पटना से, सविता मिश्रा आगरा से, आशा पाण्डेय ओझा 'आशा' जोधपुर से और न जाने कितने साहित्यकारों ने फायकू की पतवार संभाली और प्रत्येक आलोचना का उत्तर देते हुए फायकू पर कलम चलाने लगे क्योंकि

सहज, सरल अस्तित्व है
फायकू की पहचान
तुम्हारे लिए।

आप सभी को उत्सुकता होगी और होनी भी चाहिए कि फायकू विद्या का सृजन नजीबाबाद में कहाँ से कैसे हुआ?

नजीबाबाद निवासी ओपन डोर के संपादक श्री अमन कुमार त्यागी जी के आवास पर अचानक एक संगोष्ठी रखी गयी थी। उसमें कई साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं द्वारा अपनी अभिव्यक्ति दी थी। हमनें भी अपनी रचना प्रस्तुत की थी। कार्यक्रम के समापन पर अमन जी से भी उनकी कोई रचना सुनाने का आग्रह किया गया था। कुछ देर पश्चात् उन्हें स्मरण आयी वह विद्या जिसपर उन्होंने काफी समय पूर्व काम किया था- वो थी 'फायकू विद्या'। अमन जी ने कुछ फायकू ही सुनाए। फायकू सुनकर सभी साहित्यकार फायकू के विधान को समझने हेतु आतुर दिखाई दिये तब साहित्यकारों की उत्सुकता को ध्यान में रखते हुए अमन जी ने फायकू पर विस्तृत चर्चा की थी और बताया था कि २०१३ में फायकू का सफर प्रारम्भ किया था पर २०१३ से २०२३ के मध्य का समय

फायकू के मामले में अनिश्चितता भरा रहा जिसके लिए उन्होंने स्वयं को ही दोशी मानते हुए बताया कि इस बीच क्या-क्या हुआ बताने के लिए कुछ विशेष नहीं है? लेकिन उस चर्चा में अमन जी ने फायकू के विधान पर चर्चा की और बताया कि फायकू का प्रयोग ऐतिहासिक रूप से, उपनाम के लिए अथवा लोगों को समूह से क्रमबद्ध करने के तरीके के रूप में विकसित हुआ है। व्यवसाय, मूल स्थान, कबीले संबद्धता, संरक्षण, माता-पिता, गोद लेने और यहाँ तक कि शारीरिक विशेषताओं के आधार पर भी फायकू लोगों की पहचान की जा सकती है। परंतु यहाँ हम 'फायकू' नाम से साहित्य की नीवन विद्या को विकसित कर रहे हैं। एक ऐसी विद्या जो २०१२ में नजीबाबाद से फेसबुक माध्यम से अवतरित हुई और किसी दावानल की भांति फैल गयी। फायकू पर चर्चा करते हुए अमन जी ने बताया कि प्रथम बार उनके मुँह से निकला फायकू

गुनाहों की हर तरकीब
मुझे आजमाने दो
तुम्हारे लिए।

कुछ साहित्यकारों ने 'फायकू' विद्या की तुलना 'हायकू' से करते हुए इसे सिरे से खारिज़ भी किया लेकिन 'फायकू' प्रथम दृष्टि में भले ही 'हायकू' जैसा प्रतीत होता हो मगर इसकी व्याकरण 'हाईकू' से एकदम भिन्न है। हाईकू में तीन पंक्तियां होती हैं, जिसकी प्रथम पंक्ति में पाँच अक्षर, दूसरी पंक्ति में सात अक्षर और तीसरी पंक्ति में पुनः पाँच अक्षर होते हैं। जबकि फायकू मात्र नौ शब्दों से मिलकर बना है। इसलिए फायकू की तुलना हायकू से करने की भूल कदापि न करें। बल्कि फायकू को इसके ही विधान के रूप में समझने का प्रयास करें।

कुछ समय पश्चात् हमारे आवास पर दि ग्राम टुडे की पत्रिका 'रचनाकार विशेषांक' का लोकार्पण रखा गया और उसमें देहरादून से दि ग्राम टुडे के सम्पादक श्री शिवेश्वर दत्त पाण्डेय जी, धामपुर से सम्पादक, लेखक डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल' जी, नजीबाबाद से अन्य साहित्यकारों में से डॉ. प्रेम कुमार 'प्रेम जी, ओजकवि श्री कपिल श्रेष्ठ जी, डॉ. बेगराज यादव जी, श्री आलोक त्यागी जी, श्री आनन्द विभोर यादव जी, श्री श्याम प्रकाश तिवारी जी, अमन कुमार त्यागी आदि ने अपनी प्रस्तुति में फायकू ही सुनाए थे। हमनें भी उसी समय कुछ फायकू तैयार किए और सुना दिए। बस फिर क्या था? मिट्टी में दबे बीज को पुनः हवा मिलती गयी। अंकुर तो २०१२ में फूट ही चुका था, अब तो पौधा बनकर मिट्टी के गर्भ से निकलकर खुले आवरण में अंगड़ाई लेने का समय था। जब फायकू सम्मेलनों का दौर निरंतर चलने लगा था। नये-नये साहित्यकार उनसे जुड़ने लगे थे और फायकू विद्या को अपनाते हुए, उस पर कलम चलाने लगे। नये-नये विषय पर फायकू लिखे जाने लगे। परिणाम यह हुआ कि 'ओपन डोर' का 'फायकू विशेषांक' १४ अक्टूबर २०२३ को प्रकाशित किया गया। जिसमें पुराने फायकूकारों के अतिरिक्त नजीबाबाद के व अन्य शहरों के साहित्यकारों ने भी पूरे जोश व उत्साह से सहभागिता की थी। हमें भी यह विद्या अच्छी लगी थी। इसलिए इस अंक के लिए हमने भी १५० फायकू की रचना की और इस विशेष अंक में सहभागिता की। इस फायकू के विशेष अंक की चर्चा खूब चली... कुछ साहित्यकारों ने इसकी आलोचना भी फायकू के द्वारा ही की थी। तब लगा आलोचना भी उसी कार्य की होती है जिसपर विशेष दृष्टि होती है।

तात्पर्य यही है कि कोई भी नवीन कार्य, वो साहित्य हो या कुछ और को अपनाने के लिए समय के साथ-साथ दिमाग का खुला होना भी आवश्यक होता है और उस कार्य के परिदृश्य में जाकर उसे आत्मसात् करना भी जरूरी होता है। हाँ संशोधन का स्थान प्रत्येक विद्या में होता है और होना भी चाहिए। फायकू विद्या पर शोधादर्श का यह विशेष अंक आपके हाथों में है अब सम्मानीय बुद्धिजन इसे किस प्रकार स्वीकारते हैं, हमारे लिए यह भी शोध का ही विषय होगा। फायकू जैसी नवीन विद्या को साहित्यकारों तक पहुंचाने के लिए मैं इस विशेष अंक के सम्पादक श्री अमन कुमार त्यागी जी को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई प्रेषित करती हूँ कि इस नयी विद्या के जनक श्री अमन त्यागी को मेरी अनंत शुभकामनाएँ कि वो इसी प्रकार साहित्य की नूतन विद्याओं पर कार्य करते रहें और अन्य साहित्यकारों को भी जोड़ते रहें।

हमको भी भा गयी
फायकू की शान
तुम्हारे लिए।

अन्त में बस यही समझा है, अन्त कभी नहीं होता।।
जिस पे उसकी इनायत उसे, रन्ज कभी नहीं होता।।
जरूरी है जीवन के लिए, कुछ तो बातें जान लेना।।
सिखाने वाला कोई भी शब्द, तन्ज़ कभी नहीं होता।।
जिससे सीख न मिले वो शख़्स, सन्त कभी नहीं होता।।

'फायकू कविता'

कम शब्दों में सब लिख दूं
या तुम कहो तो
सागर में गागर भर दूं
चलो तुम्हारी ही मान लेता हूं
मैं तो बस फायकू लिख देता हूं।

जैसे जैसे समय काल बीतता है वैसे वैसे साहित्य भी अपना सफर तय करता है और सफर तय करने की जुगत में सृजन विधाएं भी करवट लेती हैं। या यों कहें कि बदलती रहती हैं। इसी क्रम में एक छोटी परंतु सटीक विधा है 'फायकू'। इसमें यों तो हम अपने भाव केवल नौ शब्दों में बयान कर देते हैं। रख दिया करते हैं परंतु उनको पिरोने की सृजनात्मकता देखें तो पहली पंक्ति में चार शब्द सुजज्जित होते हैं तथा दूसरी पंक्ति में मात्र तीन शब्द विराजमान हैं। तथा तीसरी और अंतिम पंक्ति की विशेषता है कि उसमें दो शब्द 'तुम्हारे लिए' पूर्व सज्जित हैं।

अब देखने वाली बात यह है कि इस विधा में हम केवल शृंगार या प्रेम ही नहीं बल्कि साहित्य की हर रस का सृजन ब खूबी कर सकते हैं। केवल सृजन के दृष्टिकोण से ही नहीं बल्कि देखा जाए तो यह विधा समय के लिहाज से भी सुगम और लाभप्रद है। अर्थात सृजन और पाठन के लिए कम समय व्यय किए बिना रसास्वादन किए जाने वाली विधा है।

यदि अपनी बात करूं तो पहली बार इस विधा से मेरा परिचय डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल' आदरणीय महोदय जी के सौजन्य से तब हुआ जब मैं खेलों के सिलसिले में चीन के शहर होंगझोऊ में था। तब से प्रयासरत हूं कि इस खास विधा में भी कुछ अपना सहयोग दे सकूं।

– नरेश सिंह नयाल
देहरादून, उत्तराखंड



एक दो फायकू तो रोज लिखें

डॉ. भूपेन्द्र कुमार

धामपुर बिजनौर उ.प्र.

आज कविता दिवस है आईए विचार करते हैं कविता तो हर दिन हर पल उकेरी जा सकती है कवि के पास अधिक से अधिक शब्द और शब्दों के पर्यायवाची हों इसके साथ बस मन में विचार कोई ऐसा विचार जो मन को बार बार झकझोर रहा हो हाँ आज कविता दिवस है इसलिए कुछ शब्दों को जोड़कर एक कविता लिखना जरूरी है वह किस शैली में तुकबंदी की जाए यह तो कवि के पास स्वतंत्रता रहती ही है फिर भी फायकू पर विचार माँगे हैं तो क्यों ना फायकू पर ही कुछ लिखा जाए जब भी समय मिले कविता लिखें और एक दो फायकू तो रोज लिखें यूँ तो जाने आम बोलचाल में हम फायकू बोल ही देते हैं परन्तु अनभिज्ञ होने के कारण समझ नहीं पाते हैं।

ठलुवा समय बिताना मत
विचार बने फायकू
तुम्हारे लिए

फायकू केवल कुछ शब्दों की जोड गाँठ ही नहीं है इसमें शब्द हैं अर्थ हैं भाव हैं काल है परिस्थितियों का वर्णन है कह सकते हैं फायकू रचनाकार जब फायकू लिखता है वह अपने मन की हर बात कहने के लिए स्वतंत्र है। फायकू कार पुराने नहीं हैं पर पुराने रचनाकार फायकू कार बन सकते हैं नवोदित साहित्यकारों के लिए फायकू विधा सहजता व सरलता से समझी जा सकती है इसलिए नये साहित्यकारों को फायकू सृजन करने में सफलता मिलेगी ही मिलेगी। हिन्दी साहित्य में एक सरल काव्य प्रस्तुति के रूप में फायकू जोड़कर विद्वान इस सहज सरल विचार को लघु विचार भाव कविता के रूप में मान्यता प्रदान करेंगे।

बिजनौर उ.प्र. की साहित्यिक भूमि और यहाँ के निवासी आदरणीय अमन त्यागी जी को फायकू के प्रथम रचनाकार और डॉ. अनिल शर्मा अनिल जी को फायकू के प्रथम मार्गदर्शक साहित्यकार ही सदैव जाना जाएगा क्योंकि दोनों ने फायकू विधा को प्रथम बार लिखकर सभी देश दुनिया के कविता प्रेमियों को इस विधा से अवगत कराया।

फायकू जितना लिखना आसान है उससे अधिक समझना भी -

रंग गुलाल पिचकारी लाया
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए

अपनी बात इतनी सरलता से कहकर दूसरे को समर्पित करना फायकू का विशेष सौंदर्य है बस इस बात का ध्यान रखकर पहली पंक्ति में चार शब्द दूसरी पंक्ति में तीन शब्द और अन्तिम पंक्ति में तुम्हारे लिए जोड़कर फायकू को पूर्ण किया जाता है।

कविता दिवस है होली का त्योहार है तो क्यों न कुछ फायकू होली के ही लिखें जाए एक बड़ी दुःखद घटना है चिकित्सा जगत के क्रान्तिकारी डॉ. अवधेश पांडेय जी की मृत्यु एकादशी के दिन देहरादून ऋषिकेश मार्ग पर कार एक्सीडेंट में हुई है ये मानव समाज के लिए लाभदायक बैक्टिरिया माइक्रोबायोम के बिना जीवन असंभव एक बड़ी रिसर्च कर रहे थे इनके विडियो यू टियूब पर सुनें व देखे जा सकते हैं इस महान चिकित्सक को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि है और कुछ बिछुड़ गए देहधारियों के लिए होली का पहला दिन एकादशी को उन्हें याद करते हुए होली का त्योहार मनाया जाता है इस परम्परा को भारतीय गाँवों और कस्बों में सहज ही देखा जा सकता है -

१

बसते नयनों में दृश्य
नित्य स्वप्न सरीखे
तुम्हारे लिए

२

तुम छोड़ गए निष्ठुर
मग नयन निहारें
तुम्हारे लिए

३

अब जहाँ रहो तुम
खुशियाँ खुशियाँ हों
तुम्हारे लिए

४

मिलना और बिछुड़ना मानव
अनिवार्य शर्त है
तुम्हारे लिए

जब ये सब कुछ निश्चित ही है तो फिर आनन्द का अनुभव होली के रंगों में करना चाहिए

१

रंग नीला पीला लाल
हमने लिया गुलाल
तुम्हारे लिए

२

लगाके रंग बदलके ढंग
ऐसा करें कमाल
तुम्हारे लिए

३

हमने हार की स्वीकार
भूलाके पिछली बात
तुम्हारे लिए

४

खेले होली का त्योहार
विस्मृत करके रार
तुम्हारे लिए

५

कुल मिलाकर देख लीजिए
फायकू नेक विचार
तुम्हारे लिए

६

कवि कहलाने को फायकू
है सहज अभिव्यक्ति
तुम्हारे लिए

अनिल अभिव्यक्ति मंच की ओर से आमंत्रित फायकू पर विचार साहित्यकार बंधु निश्चित ही अधिकाधिक लिखेंगे फायकू हिन्दी साहित्य में नवीन विधा है इसके रूप स्वरूप में परिवर्तन भविष्य में क्या क्या देखने को मिलेंगे अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है वर्तमान में तो यह सहज सरल रूप में लिखा पढ़ा और समझा जा सकता है।

वाट्सएप के 'अनिल अभिव्यक्ति' पटल पर व्यक्त विचार

संकलन
डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल'

फायकू तुम्हारे लिए

हिन्दी साहित्य अनेक विधाओं से समृद्ध है और समय-समय पर लेखक नई विधाओं का भी अविष्कार करते रहे है। इसी क्रम में जब हम फायकू की बात करते है तो इसे नई विधाओं में सबसे ज्यादा पसंदीदा पाते चार, तीन और दो शब्दों के विधान के साथ फायकू विधा ने सभी को प्रभावित किया है कम शब्दों में अपने मन के सटीक भाव पिरोना और उसे लयबद्ध करना आसान नहीं होता फिर फायकू के अंतिम दो शब्द तुम्हारे लिए तो स्थाई है फिर भी ये तेजी से लेखकों के बीच अपना स्थान बनाने में सफल है और बात को पूरी शिद्दत के साथ कहने में सक्षम है। हास्य, व्यंग्य, शृंगार सभी कुछ फायकू विधा में लिखा जा रहा है। डाक्टर अनिल शर्मा अनिल जी द्वारा संचालित साहित्यक पटल अनिल अभिव्यक्ति के माध्यम से मेरा परिचय फायकू विधा से हुआ अनिल अभिव्यक्ति पटल पर लगातार हर विशेष अवसर या तीज त्योहारों पर रचनाकार फायकू के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति दे रहे है। आने वाले समय में फायकू विधा एक समृद्ध साहित्यक विधा के रूप स्थापित होगी इसमें कोई संशय नहीं है

आओ लिखे हम फायकू
अनिल अभिव्यक्ति पर
तुम्हारे लिए

-नवीन जैन अकेला

फायकू एक नई विधा

फायकू हम सबका प्यारा
सहज सरल निराला
तुम्हारे लिए

जी हाँ, फायकू साहित्य जगत की एक नई विधा है। इसे पढना लिखना अत्यंत दिलचस्प है। 'तुम्हारे लिए' अन्तिम पंक्ति में लिखा जाता है जो सुनने में मनोहारी लगता है। यह तीन लाईन की छोटी सी कविता होती है। फायकू वह माला है जिसमें बस तीन लाइन में ही सम्पूर्ण बात जैसे कोई संदेस, हास्य, व्यंग्य, विरह, प्रेम आदि सभी मनोभावों और साहित्यिक विधाओं रूपी अमूल्य मनकों को बखूबी पिरो दिया जाता है। जो गागर में सागर भरने जैसा ही है।

फायकू की सर्वप्रथम जानकारी मुझे अनिल अभिव्यक्ति पटल पर डॉ. अनिल शर्मा अनिल जी द्वारा प्राप्त हुई। पहली बार में ही यह बहुत विशिष्ट विधा लगी। इसे गुनगुनाकर या किसी भी रूप में इसके निश्चित विधान के साथ लिख सकते हैं। यह अत्यंत सहज-सरल तथा सौंदर्य से भरपूर विधा है।

इस विधा ने बहुत जल्दी लेखक-लेखिकाओं तथा पाठकों के बीच लोकप्रियता हासिल कर ली है। निश्चित ही फायकू का साहित्य जगत में उज्ज्वल भविष्य निर्धारित हो चुका है।

फायकू के लिए मैं कहूँगी

फायकू है इक नवाचार
जैसे अनन्त आकाश
तुम्हारे लिए।

-सुखमिला अग्रवाल, 'भूमिजा'
जयपुर राजस्थान

फायकू

अंतर्राष्ट्रीय कविता दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाइयां देते हुए साहित्य की एक महत्वपूर्ण और नवीन विधा फायकू के विषय में कहना चाहूंगी, कि ये एक सीधी सादी और सरल सहज विधा है जो चार, तीन और दो वर्णों की मापनी से लिखी जाती है। इसे लिखने में बड़ा ही आनंद आता है। मैं दो सौ से ज्यादा फायकू विभिन्न विषयों पर अब तक लिख चुकी हूं। शिव शंकर, नेता, चुनाव, बसंत ऋतु, नारी, पिता, बेटियां, और भी अनेक विषयों में मेरे फायकू हैं। इस विधा के द्वारा लेखक कम शब्दों में अपनी बात आसानी से कह भी जाता है और पाठक को सरलता से समझा भी जाता है ।ये सृजन धार्मिक, राजनीतिक, पारिवारिक,सामाजिक सभी विषयों में लिखे जाते हैं फायकू के विशेषज्ञों के अनुसार गीतो को छोटा करके बोलने में अगर कोई विधा सक्षम है तो वो फयाकू है। साहित्य के आधुनिक युग की इस प्यारी सी विधा के जनक आदरणीय श्री अमन कुमार त्यागी जी हैं ।और आदरणीय अनिल कुमार जी ने सजाया और संवारा है मैं आप दोनो विद्वानों का हार्दिक अभिनंदन करती हूं। साथ ही अन्य सभी फायकूकारों का भी अभिनंदन करती हूं ।

-शुभा शुक्ला निशा
रायपुर छत्तीसगढ़

फायकू ....मेरे विचार से...

शब्द से बांधे सबको, सारगर्भित विचार।
विधा नई फायकू यही, सब पर कर अधिकार।।

आज विश्व कविता दिवस के शुभ अवसर पर फायकू, की बात करना बहुत ही आवश्यक होगा। कम शब्दों में अपनी बात, कहने हिंदी साहित्य की नई विधा जिसकी खोज आ. श्री अमन कुमार त्यागी जी ने की और अनिल अभिव्यक्ति के माध्यम से हमने आ. डॉ. अनिल शर्मा अनिल जी के प्रोत्साहन और दिशानिर्देशन से हमने इसे जाना, समझा और अपने भावों को सटीक रूप में प्रस्तुत करने के लिए उपयोग में लिया। चार, तीन और दो शब्द, जिसमे तुम्हारे लिए से बात का अंत करना फायकू लेखन की प्रमुख विशेषता है। सुंदर, सीधे, सरल शब्दों में हम फायकू किसी भी विषय, पर, किसी विशेष त्योहार या दिवस के अवसर पर लिखते आ रहे हैं और सुंदर रंगीन अभिव्यक्ति में हमारी अभिव्यक्ति फायकू के माध्यम से विश्व विख्यात हो रही है। भविष्य में भी फायकू विधा का सुनहरा समय आने वाला है। सभी लेखक इस विधा में लेखन करके हर्षित हैं और फायकू को अत्यधिक सम्मान भी मिल रहा है। आज की आपाधापी, भागदौड़ के समय में हर रचनाकार अपने भावों को लघु रूप में प्रस्तुत करना चाहता है, जिसमे इस नवीन विधा का विशेष योगदान है, गागर में सागर भरते हुए विशेष अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए बहुत ही विशेष भूमिका निभाते हुए मैं इस नई विधा के अन्वेषक और विकास के पथ पर अग्रेषित करने वाले दोनों विद्वानों को हार्दिक धन्यवाद प्रेषित करती हूं कि इस नई विधा फायकू को साहित्य में प्रयोग में लाकर हम समाज और

साहित्य के उत्थान में सहभागी बन रहे हैं।
सादर विशेष शुभकामनाओं सहित...

-नवनीता दुबे नूपुर
मंडला, मप्र

फायकू पर मेरे विचार

हिन्दी साहित्य में नई विधा के रूप में पहचान बनाने वाली फायकू अभी कुछ दिन पहले तक मेरे लिए भी अजनबी थी। इसके पूर्व जापान से आयातित हाइकू का नाम मैंने सुना था लेकिन उस में मेरी कोई खास रूचि नहीं थी। ओपन डोर पत्रिका में फायकू के बारे में एक आलेख पढ़ा जिससे मेरा काफी ज्ञानवर्धन हुआ और मैं फायकू विधा में लिखने की ओर प्रेरित हुआ। शुरूआत में कुछ अजीब सा लगा, मन में डर भी लगा लेकिन अनिल अभिव्यक्ति मंच पर प्रस्तुत अपनी रचनाओं पर उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखकर मन आह्लादित हुआ और रचनाधर्मिता को बल मिला ।

फायकू के बारे में जो मेरी जानकारी है वह मेरी दृष्टि में इतनी पर्याप्त नहीं कि मैं फायकू के रचना-विन्यास तथा तकनीक के बारे में अधिकारपूर्वक कुछ कह सकूं लेकिन सोशल मीडिया के मंचों पर इसके विस्तार को देखकर यह कहने में संकोच नहीं कि कविता की अन्य विधाओं की तरह यह भी अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। वरिष्ठ रचनाकारों से लेकर उदीयमान कवियों तक इसकी बढ़ती लोकप्रियता ही इसकी उपादेयता और प्रासंगिकता को सही अर्थों में प्रतिबिंबित करती है। कम शब्दों में अधिक कहने की तकनीक जिस विधा में होती है वह पाठकों को भी आकर्षित करती है और जनसामान्य में अपना एक स्थान बना लेती है। दोहे इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इसे ही गागर में सागर भरना कहते हैं। मुझे लगता है कि फायकू का स्वरूप भी इसी विचारधारा के अनुरूप है।

अंत में अपने वक्तव्य को विराम देते हुए मैं यह कहना चाहता हूं -

अपने दिल के उद्‌गार
लिखा ऐ फायकू
तुम्हारे लिए
फिर न कहना कभी
मैं अजनबी हूं
तुम्हारे लिए

-सुनील श्रीवास्तव राज
गोरखपुर

कविता लिखने की नई विधा फायकू

हिंदी साहित्य के जगत में कविताओं के संदर्भ में हम अनेको विधाओं से परिचित हैं जो कि कविताओं को लिखने के लिए अलग अलग नियम और पैमाने लिए हुए होती हैं।

इसी कड़ी में २०१२ में कविता लिखने की एक नई विधा फायकू लोगों के सामने आई। किंतु इस विधा का वास्तविक परिचय आदरणीय अमन कुमार त्यागी जी ने कराया। हमारा इस विधा से परिचय डॉ. अनिल कुमार के जाने माने साहित्यिक पटल अनिल अभिव्यक्ति पटल के माध्यम से हुआ।

तीन पंक्तियों में लिखी जाने वाली फायकू विधा एक सरल, सशक्त और सारगर्भित विधा है, जिसमे प्रथम दो पंक्तियों में उद्देश्य, भाव, अभिलाषा आदि को प्रधानता दी जाती है जबकि तीसरी पंक्ति में दो शब्द तुम्हारे लिए (अनिवार्य शब्द) लिखकर कविता को पूर्णता प्रदान की जाती है।

सच पूछा जाए तो फायकू अपने आप में समर्पण भाव को समेटे एक अद्‌भुत विधा है।

कम शब्दों के माध्यम से अपनी पूरी बात,विचार या उद्देश्य लोगो के सामने रख देना इस विधा की खासियत है।

इस विधा को और ऊंचाई तक ले जाने में आ. अनिल शर्मा जी की अहम भूमिका है जो समय समय पर, अलग अलग विषयों के माध्यम से हम सभी को फायकू लिखने को प्रेरित करते रहते हैं। हम इस मंच के तहे दिल से आभारी हैं।

आज यह विधा लोगो के बीच अपनी पहचान बनाने में सक्षम रही है और वो दिन दूर नही जब यह विधा हिंदी साहित्य जगत में भी अपना डंका बजाएगी।

फायकू में छिपा है
समर्पण का भाव
तुम्हारे लिए
विधा यह अत्यंत सरल
लिखे हम सभी
तुम्हारे लिए

-अनुजा दुबे 'पूजा'
वरुण, महाराष्ट्र

फायकू

कम शब्दों को पिरोते
नवविधा की माला
तुम्हारे लिए।

वर्ष २०१२ में मनोभावनाएँ व्यक्त करने की नव विधा 'फायकू' साहित्यकारों के बीच चाहिए इसका परिचय श्री अमन कुमार त्यागी जी ने कराया हमारी इस विधा की जानकारी डॉक्टर अनिल कुमार जी के प्रतिष्ठित साहित्यिक पटल 'अनिल अभिव्यक्ति' के नाम से है उस पटल पर मिली और हम लिखने को आतुर हुए।

साहित्यकार सर्वदा अपने साहित्यिक सफर में नवीनता लाने के लिए नव सृजन करते रहते हैं लोगों को पसंद आती है और वह विधा अपना ली जाती है, जिसका प्रचार प्रसार होकर आत्मसात कर लिया जाता है। चार, तीन, एवं दो शब्दों का समावेश प्रथम, द्वितीय तृतीया और अनिवार्य शब्द तृतीय पंक्ति में तुम्हारे लिए का प्रयोग करके सरल सुसज्जित सीधा शब्दों को जोड़कर हम नव रचनाकारी विधा को विश्व विख्यात कर रहे हैं। जीवन में रस भरती यह लघु विधा कम समय में रचनाकारों की अभिव्यक्ति में सहयोग कर आनंदवर्धक साबित हुई है। आज यह विधा साहित्यकारों में अपनी पहचान के साथ प्रेरक साबित हो रही है। आगामी दिनों में सबकी लाड़ली विधा साबित हो सकती है।

सरल सहज फायकू विधा
लेखकों की अभिव्यक्ति
तुम्हारे लिए।

-डॉ.पुष्पा सिंह

फायकू कविता पर विचार

सबसे पहले मैंने अनिल अभिव्यक्ति ग्रुप पर ही फायकू शब्द को देखा। मैंने हाइकू को तो सुना था लेकिन फायकू शब्द नहीं सुना था। मैंने सोचा था फायकू मतलब जैसे किसी भी विचार को फेंक देना और ऐसे सोचा था कि वह वैसे ही 'तुम्हारे लिए' शब्द लिखकर लिखवा रहे हैं तो मैंने तुम्हारे लिए की जगह पर अलग-अलग शब्द लिखकर १० फायकू भेज दिए तो अनिल जी ने बताया कि ये फाइकू नहीं है।

तो... मैं सोच में पड़ गई फिर से कोशिश की 'तुम्हारे लिए' शब्दों को लिखकर फाइकू लिखे तो वह सही थे।

रही बात फायकू कविता की मुझे लगता है वर्तमान आपधापी के युग में लंबी रचनाएं पढ़ने और लिखने के लिए समय निकालना आम लोगों के लिए बड़ा मुश्किल है। जो रचनाकार बहुत जल्दी-जल्दी कुछ करना और पाना चाहते हैं उनके लिए फायकू कविता बहुत अच्छी बात है क्योंकि इसे लिखना और पढ़ना आसान है लेकिन सिर्फ ९ शब्दों में

फायकू कविता को बांधना वही जानता है जो सच में सही रचनाकार हो, अपने भावों को कविता रूप में लिखना जानता हो।
आपने ग्रुप के सभी सदस्यों को फायकू लिखना सिखाया, इसके लिए अनिल जी आपका सादर आभार। सधन्यवाद..

-संतोष गर्ग 'तोषी'
पंचकूला

फायकू

फायकू एक ऐसी विधा है जिसके बारे में आज भी बहुत सारे लोगों को यहाँ तक की कई साहित्य प्रेमियों को भी इसकी जानकारी नहीं है। मैं भी इससे अछूता नहीं था, मुझे भी क्रमशः इसकी थोड़ी बहुत जानकारी होती गई। हाँ, अब मैं पूर्णतः अनभिज्ञ तो नहीं पर प्रकांड पंडित भी नहीं हूँ।
फायकू की जानकारी निश्चित रूप से पहली बार देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक मंच 'अनिल अभिव्यक्ति' से हुई थी। इस मंच के द्वारा विशेष अवसरों पर फायकू कविता विभिन्न कवियों से करवाती है और प्रेरित करती है फायकू लिखने को। फायकू लिखने के लिए गूगल से भी जानकारी प्राप्त की और 'ओपन डोर' के माध्यम से बहुत सारी जानकारी मिली। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि वर्तमान दौर में फायकू के प्रचार एवं प्रसार में सबसे अहम एवं सराहनीय योगदान 'अनिल अभिव्यक्ति' की ही है।
कई प्रकार की काव्य रचना यथा-दोहा, ग़ज़ल, गोरठा, वीर रस, हास्य रस, श्रृंगार रस, भक्ति रस की काव्य रचना इत्यादि की तरह फायकू की रचना/सृजन भी विभिन्न प्रकार के रसों से किया जा सकता है। मुझे विभिन्न अवसरों पर विभिन्न रसों के फायकू पढ़ने का सुअवसर मिला है। फायकू के पहली पंक्ति में चार शब्द, दूसरी पंक्ति में तीन शब्द एवं तीसरी पंक्ति में दो शब्दों का प्रयोग होता है या अन्य शब्दों में कहा जाए तो मुझे अब तक इसी प्रकार के फायकू देखने का अवसर प्राप्त हुआ है।
फायकू में शब्दों का चयन और संयोजन एक कला है एवं इसकी महत्ता भी है। प्रत्येक फायकू में तीसरी पंक्ति में दिए गए दो शब्दों का दोहराव होता जाता है जो कि बहुत ही सुंदर प्रतीत होता है एवं ऐसा आभास होता है कि लिखे जा रहे फायकू स्वयं ही एक-दूसरे से श्रृंखलाबद्ध तरीके से जुड़ते जा रहे हैं। जो फायकू लिखने वाले कवियों को और भी ज्यादा से ज्यादा फायकू लिखने को मजबूर कर देता है।
मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास भी है कि आने वाले समय में 'फायकू' नामक काव्य रचना स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी एवं जन-जन में यह काफी लोकप्रिय होगा।

-दिनेश कौशल
दरभंगा(बिहार)

फायकू कविता पर विचार

आदरणीय अमन कुमार त्यागी जी तथा डॉ. अनिल कुमार शर्मा जी द्वारा इस विधा से परिचय हुआ इससे पहले मैं इस विधा से नितांत अपरिचित थी। सरल और सहज इस विधा ने सभी को अतिशीघ्र अपने रंग में रंग लिया है। प्रथम पंक्ति में चार शवद, द्वितीय पंक्ति में तीन, तृतीय पंक्ति में दो शब्द तथा अन्तिम तृतीय पंक्ति में तुम्हारे लिए शब्द अनिवार्य होता है-
सतसैया के दोहरे ज्यों नाविक के तीर।
देखन में छोटे लगे, घाव करे गंभीर।।
बिहारी जी का ये दोहा इस विधा को चरितार्थ करता प्रतीत होता है।
एक बात ये भी ध्यान रखने योग्य है कि अनिवार्य शब्द तुम्हारे लिए लिखते समय ऊपर की दो पंक्तियों से सम्बन्ध जरूर होना चाहिए। नहीं तो समर्पित शब्द तुम्हारे लिए निरर्थक और उपेक्षित सा महसूस होता है ।
नौ शबद और तीन पंक्तियों की ये विधा स्वयं में विशिष्टता लिए हुए है जिसमें काव्य के समस्त रसों और भावों को सरलता से प्रस्तुत किया जा सकता है।
सादर आभार प्रेषित करती हूँ आदरणीय श्री अमन कुमार त्यागी जी और डॉ. अनिल कुमार शर्मा जी का जिन्होंने इस विधा को विकसित करने के साथ साथ हम सभी को भी इस विधा से परिचित कराया।

हम हृदय से रहेंगे
सदा ही आभारी
तुम्हारे लिए

-विनीता चौरासिया
शाहजहाँ पुर उत्तर प्रदेश

फायकू कविता पर विचार

फायकू पर कभी कुछ लिख नहीं पायी प्रतियोगिता देखती थी पर आजकल साहित्य को समय काम दे पा रही हूँ। सोचा था इस बार होली पर जरूर कुछ पोस्ट करूंगी पर अन्तसमय तक नहीं लिख पायी। गूगल किया तो डॉ. अनिल शर्मा जी की कविता मिली जो फायकू विधा पर थी, कहपी करके रखा और कई बार पढ़ा। सोचा चलो तुम्हारे लिए अंतिम दो शब्द हैं कितना अच्छा है। आज जब फिर समूह में सबको विचार लिखते देखा तो हमने भी सोचा क्यों न एक प्रयास कर ही लिया जाय।

व्यक्त करें विचार आज
फायकू पर सब
तुम्हारे लिए।
हुड़दंग है चहु ओर
होली का त्यौहार
तुम्हारे लिए।
पहली बार लिखी आज
फायकू की पंक्ति
तुम्हारे लिए।
कविता दिवस पर कविता
लिखना हुआ साकार
तुम्हारे लिए।

-सरिता त्रिपाठी
लखनऊ, उत्तर प्रदेश

विश्व कविता दिवस पर लिख रही फायकू तुम्हारे लिए

हिंदी ऐसी भाषा है जो हमारे भारत देश का प्रतिनिधित्व करती है। हिंदी भाषा के अंतर्गत कविता, लघुकथा, कहानी लिखना हमेशा से ही मेरी रुचि रही है। मैं कक्षा आठ से ही अपनी डायरी के पन्ने खोल न जाने किन विचारों में खो जाती।उन विचारों के अंतर्गत मेरी कलम अपने आप काले अक्षरों को लिखने लग जाती।
हालांकि मैं अंग्रेजी माध्यम से पढ़ी पर मेरी रुचि बचपन से ही हिंदी साहित्य में रही। मैंने बहुतसे लेख लिखे जो प्रकाशित हुए पर 'फायकू' से मैं अपरिचित थी। यह अत्यंत ही सुंदर लेखन है जिसमें 'तुम्हारे लिए' क्रमशः बार-बार आता है। मुझे इस लेखन के बारे में पहली बार 'अनिल अभिव्यक्ति' ग्रुप से पता चला जहां फायकू लिखने के लिए बोला गया। इस लेखन में पहली लाइन में 'चार शब्द' दूसरी लाइन में 'तीन शब्द' आते हैं फिर 'तुम्हारे लिए' जुड़ जाता है। इससे आपस में एक गहरा संबंध विस्थापित होता है।
जैसे-

मैं अभिव्यक्त करूं विचार

कविता फायकू द्वारा
तुम्हारे लिए

'फायकू' लेखन से अपरिचित जब मैंने अनिल सर से पूछा तब उन्होंने मुझे बताया कि फायकू कैसे लिखते हैं।

यह लेखन एक ऐसा लेखन है जिसे हम गुनगुना सकते हैं, हास्य में भी प्रस्तुत कर सकते हैं। इस लेखन में 'तुम्हारे लिए' वाक्य सामने वाले के लिए समर्पित है।

मैंने फायकू पर अब तक कई रचनाएं लिखी हैं जैसे होली पर फायकू, शिवरात्रि पर फायकू इत्यादि जो प्रकाशित भी हुए हैं। इस लेखन की जानकारी होना उत्साहपूर्ण है। व व्यक्तिगत मुझे प्रिय लगा।

मैं आगे भी इस विधा पर लिखना पसंद करूंगी।

अंत में कहना चाहूंगी कि-

अनिल सर द्वारा फायकू
कवियों में प्रचलित
तुम्हारे लिए।
कवि लिख रहे फायकू
देते संदेश विभिन्न
तुम्हारे लिए।

-डॉ प्रिया
अयोध्या

कविता दिवस फायकू पर मेरे विचार

विश्व अंतर्राष्ट्रीय कविता दिवस की सभी को हार्दिक बधाइयां, हिंदी साहित्य जगत में अनेक महत्त्व पूर्ण विधाएं हैं। लेकिन सबसे नवीन विधा 'फायकू' जिसका मैंने कभी नाम भी नहीं सुना, अनिल अभिव्यक्ति मंच से जुड़ने पर ही मुझे जानकारी मिली। इस विधा के जनक आदरणीय श्री अमन कुमार त्यागी जी है जिन्होंने साहित्य में हम सब की पहचान करवाई। और डॉ, आदरणीय अनिल कुमार जी अनिल ने इसे बहुत ही सुसज्जित किया है। दोनों ही विद्वानों का हृदय से अभिनंदन। छोटी सी विधा मगर सीधी-साधी बात कहने और समझने में बहुत ही सरल। इस विधा में कम शब्दों में अपनी बात को सुगमता से कह सकते हैं। नौ शब्दों की सुंदर व्यवस्था जिसमें प्रथम लाईन में चार, दूसरी लाईन में तीन और तीसरी लाईन में 'तुम्हारे लिए' सुसज्जित शब्द है। आदरणीय डॉक्टर अनिल जी ने हम सभी रचनाकारों को बहुत ही प्रोत्साहित किया है। समय-समय पर सामयिक विषय देकर अनिल अभिव्यक्ति पटल को सजाया और संवारा है। सीप में मोती की जैसे कीमत होती है ठीक उसी तरह 'फायकू' विधा की साहित्य जगत में कीमत स्थापित हुई है। आज के इस भाग दौड़ के युग में किसी को पढ़ने की फुर्सत नहीं है। कम शब्दों में पढ़ना लोगों की चाहत बन गई। जिसमें यह 'फायकू' विधा बिल्कुल सटीक साबित हुई है। हम रचनाकारों को भी इस विधा को लिखने में बहुत आनंद आता है। भविष्य में यह विधा हिंदी साहित्य के विश्व पटल पर स्वर्णाक्षरों में अंकित होगी।

फायकू विधा का ज्ञान
लघु बनी महान्
तुम्हारे लिए
गया लोगों का ध्यान
चढ़ी मंजिल, सोपान
तुम्हारे लिए

-कनक पारख
विशाखापट्टनम

फायकू लेखन है आसान

कवि/साहित्यकार की उर्जा तब ही बढ़ती है जब नयी विधा, नये विषय पर लेखनी चलती रहे।

एक नयी विधा फायकू से परिचय कराने के लिए फायकू विधा के जनक आदरणीय अमन कुमार त्यागी जी एवं इस विधा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए डॉ. अनिल शर्मा जी 'अनिल' का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहना चाहूँगा कि फायकू कम शब्दों में सम्पूर्ण कथ्य एवं समर्पण भावों को व्यक्त करने का अत्युत्तम माध्यम है। फायकू विधा का सबसे पहले वर्ष-१६१२ में साहित्यिक जगत से परिचय हुआ। विगत लगभग दस-ग्यारह वर्षों से फायकू लेखन-पठन की यात्रा अनवरत रूप से जारी रही। कुछ समय पूर्व ही अनिल अभिव्यक्ति वाट्सएप समूह द्वारा इस विधा के विषय में जागरुकता उत्पन्न की गयी, फिर क्या था.....सैकड़ों रचनाकार फायकू लेखन में सिद्धहस्त हो गये अथवा हो रहे हैं।

फायकू वर्ण अथवा मात्रा की सीमा में नहीं बँधता अपितु चार-तीन-दो अर्थात् कुल नौ शब्दों की कविता है। जिसकी प्रथम पंक्ति में चार, द्वितीय में तीन तथा तीसरी और अंतिम पंक्ति में अनिवार्य दो शब्द तुम्हारे लिए से मिलकर काव्य रचना किसी भी विषय पर सर्जन करना अत्यन्त सरल है। अनिल अभिव्यक्ति पटल से जुड़े संभवतः सभी फायकू रचनाकारों ने प्रथम प्रयास में ही अति उत्तम फायकू लिखकर इस विधा की सरलता-सहजता को दर्शाया है।

फायकू की तीसरी पंक्ति के अनिवार्य शब्द तुम्हारे लिए, जो समर्पण को दर्शाते हैं, से ऊपर की द्वितीय पंक्ति के भाव से मिलना सार्थक फायकू सर्जित करता है।

माँ शारदे के प्रति समर्पित एक उदाहरण देखिए..

शारदे! नित शीश झुकाऊँ,
पूजा थाली सजाऊँ,
तुम्हारे लिए
स्वयं को अर्पण करता,
मन-श्रद्धा धरता,
तुम्हारे लिए

निष्कर्षतः यह कहना चाहूँगा कि फायकू विधा रचनाकार के मनोभाव को श्रोता/पाठक के मन-मस्तिष्क में अंकित करने में पूर्णतः सक्षम है। साथ ही यह भी महत्वपूर्ण है कि यदि रचनाकार फायकू की पहली और द्वितीय पंक्ति को समतुकांत रखें तो सोने में सुहागा हो जाएगा।

समतुकांत का रखो ध्यान
फायकू लेखन आसान
तुम्हारे लिए

-सत्येन्द्र शर्मा 'तरंग'
देहरादून

विश्व कविता दिवस

विश्व कविता दिवस पर
कहेंगे खरी खर
तुम्हारे लिए
कुछ शब्दों में फायकू
पैगाम है फायकू
तुम्हारे लिए
कविता दिवस पर आज
मत करिए लाज
तुम्हारे लिए
भावों की सुंदर अभिव्यक्ति
कविताई की शक्ति
तुम्हारे लिए
कुल शब्द संख्या नौ
भाव पूरे सौ
तुम्हारे लिए
जैसे आई अपनी होली
कवित्त सार बोली
तुम्हारे लिए
लिखें अपने सुंदर भाव
मूछ देकर ताव
तुम्हारे लिए

उपरोक्त कतिपय छंद, जो बहुत दिनों थे बंद। आया जबसे फायकू, सब बोले कायकू कायकू? सचमुच आज विश्व कविता दिवस पर फायकू पर रचना करना बेहद आसान लग रहा है। मैंने इससे पूर्व कभी फायकू में रचना नहीं की थी, पर धन्य है अनिल अभिव्यक्ति और इसके महान संचालक भाई डाक्टर अनिल शर्मा जी। इन्होंने फायकू का ऐसा प्रवाह चलाया कि आज फायकू विधा की बाढ़ आ गई। इसमें और कुछ हो या न हो, पर आपके भाव-विचार को बाँधने की सामर्थ्य है। कम शब्दों में बड़ी बातें आसानी से कही जा सकती है। जैसे आज के जमाने में क्रिकेट टेस्ट मैच न चलकर फिफ्टी-फिफ्टी और अब ट्वेंटी-ट्वेंटी चल रहा है। वैसे ही काव्य जगत में यह नई विधा हाइकू और फायकू लिया जा सकता है। मैं जब इसकी पड़ताल करता हूँ तो इसके जनक आदरणीय अमन कुमार त्यागी का नाम आता है। इसके विश्लेषण में और कई अन्य आधुनिक उपनामों का पता ब्रिटेन और आयरलैंड से लगता है। किंतु यहाँ जब हम 'फायकू' नाम से साहित्य की एक नई विधा को जान रहे हैं। तो यह विधा सन् २०१२ में नजीबाबाद से फेसबुक के माध्यम से अवतरित हुई जान पड़ती है और जंगल की आग की तरह फैल गयी। साहित्य की सभी परिभाषाओं से पूर्ण फायकू कभी कभी हाईकू का भ्रम पैदा करता है, पर ऐसा नहीं है। फायकू का शब्दार्थ इसके विच्छेद फाय में मिला अर्थात तलछट, जो (जमीन से मिला हुआ) है।

आयरिश लोग अपने नाम के बाद फायकू शब्द का प्रयोग करते हैं। आयरिश भाषा में फायकू का मतलब 'उड़ाने के लिए, हवा' है। उतना ही उड़ना जिससे जमीन पर वापिस आने में कोई कष्ट न हो। यहीं से प्रेरित होकर फायकू को 'समर्पण' का प्रतीक मानते हुए रचना की गई है। शायद इसीलिए इसमें अनिवार्य तीसरी पंक्ति तुम्हारे लिए प्रयोग की जाती है। इसके साथ इसमें मात्र तीन पंक्तियों का प्रावधान रखा गया है। यह तीन पंक्तियाँ तीन लोकों के बिम्ब का आधार मानी जाती हैं।

परन्तु आज के संदर्भ में डाक्टर अनिल शर्मा द्वारा उनके पटल पर चलाए गए अभियानिक गतिविधि काफी समृद्ध हुआ है। अतः इसके सतत अभ्यास की प्रेरणा के लिए डाक्टर शर्मा जी को बहुत बहुत बधाई और धन्यवाद।

- पंडित राकेश मालवीय मुस्कान
प्रयागराज

कविता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

लिख डाले मैंने विचार
विधा फायकू सार
तुम्हारे लिए
अनिल अभिव्यक्ति मंच को
करती हूँ नमन
तुम्हारे लिए
जिसने कराया परिचित फायकू
उसका है आभार
तुम्हारे लिए
नौ शब्दों का सार
चार तीन दो
तुम्हारे लिए
कविता दिवस की शुभकामना
प्रत्येक कवि संग
तुम्हारे लिए
शब्द कवि का संसार
असीमित रूप अपार
तुम्हारे लिए
फायकू है नयी विधा
देती नयी दिशा
तुम्हारे लिए
फायकू से लेखन निखरा
मोती मानो बिखरा
तुम्हारे लिए
छोटी बहन है फायकू
बड़ा भाई हायकू
तुम्हारे लिए
नवविधा का फैले प्रकाश
गूंजे धरती आकाश
तुम्हारे लिए
शब्दों का अथाह अम्बार
कल्पना का भंडार
तुम्हारे लिए

उपरोक्त छंद में मेरे मन के भाव है जो मैंने फायकू के लिए, फायकू विधा में लिख डाले। हाल ही में मैं इस विधा से परिचित हुई हूँ और सच कहूँ तो बेहद रोमांचक लगता है इस विधा में लिखना। मन के भावों को शब्दों में समा देना ही तो कवि का कर्तव्य है और फायकू विधा तो और भी अनूठी है। मैं हृदय से आभारी हूँ इस विधा के जनक आदरणीय अमन कुमार त्यागी जी और इस विधा को लेकर जो कारवाँ चलाया है डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल' जी की। आशा करूंगी कि आगे भी ये कारवाँ चलता रहे और जन जन तक साहित्य का प्रकाश पहुंचे।

-निकेता पाहुजा
रुद्रपुर उत्तराखंड

मनपसंद विधा बन चुका है फायकू

मनपसंद सृजकों की बनी
फायकू विधा निराली
तुम्हारे लिए

कलम चलाते जानिए, पाते सरल विधान।
चार तीन दो पर लिखें, भाव बने पहचान।।
भाव बने पहचान, फायकू शब्द सजाते।
भरे हृदय उत्साह, सृजक नित कलम चलाते।।

हमारे महान भारत के आर्ष साहित्य शास्त्र का पूरा विश्व साक्ष्य है। कि कैसे आदि महाकवियों, आचार्यों ने अपना विधा विधान दिया है।, जो कालजयी वंदनीय है। वैदिक काल से लेकर लेखन की महती परंपरा ने निरंतर अपनी ओर आकृष्ट किया है। इसी श्रेणी में एक नवीन विधा फायकू है। जो हम सभी साहित्यकारों व पाठकों के बीच रोचक मनमोहक बना हुआ है।

साहित्यकारों की मनपसंद विधा बन चुका है फायकू पर सभी नव सृजन करते रहते हैं इसका प्रचार प्रसार जोर शोर से हो रहा है कारण सरल, सहज व लघु विधा जो नवांकुर को भी उत्साहित करती है अपने भावों को पिरोने पर यह विधा - शब्दों के समावेश से बनती है अनिल अभिव्यक्ति मंच से इसे लिखने का हूनर जाना।

जैसे प्रथम-चार द्वितीय-तीन तृतीया -दो जिसमें अनिवार्य शब्द - तुम्हारे लिए का प्रयोग होता है शब्दों को जोड़कर नवीन विधा का जन्म होता है घ जिसे फायकू कहते हैं। सभी लोगों के बीच इस विधा में लिखने का जोश निरंतर बढ़ता दिखाई दे रहा छोटी किंतु भावों के सटीकता शब्दों का पूरक हैं फायकू।

निश्चित ही भविष्य में कालजयी होगी यह विधा सादर शुभकामनाएँ।

-योगिता चौरसिया 'प्रेमा'
मंडला म.प्र.

अंतर्राष्ट्रीय कविता दिवस पर फायकू पर विचार तुम्हारे लिए

फायकू हिंदी साहित्य की एक नवीन विधा है। यह अपनी बात कहने का बहुत ही सरल, सहज, सरस

और सशक्त माध्यम है। एक साधारण व्यक्ति भी बड़ी सहजता के साथ फायकू की रचना कर सकता है। हास्य, व्यंग्य शृंगार, समसामयिक घटना, तीज त्यौहार सभी कुछ फायकू विधा में लिख सकते हैं।फायकू की प्रथम पंक्ति में चार शब्द, द्वितीय पंक्ति में तीन शब्द तथा अंतिम पंक्ति में दो शब्द 'तुम्हारे लिए' अनिवार्य हैं। यह 'तुम्हारे लिए' शब्द त्याग और समर्पण के भाव का द्योतक है। 'तुम्हारे लिए' शब्द उपरोक्त दोनों पंक्तियों को एक सूत्र में पिरोये हुए है। फायकू कविता का भविष्य बहुत ही उज्ज्वल है। बहुत कम समय में ही यह जन-जन में बहुत प्रचलित हो गई है। श्री अमन कुमार त्यागी जी एवं श्री अनिल शर्मा 'अनिल' जी का हार्दिक आभार जिनके द्वारा इस नई विधा से मेरा साक्षात्कार हुआ। ओपन डोर पत्रिका तथा अनिल अभिव्यक्ति मंच पर नववर्ष, सोशल मीडिया का प्रभाव बच्चों पर, किन्नर, सुरंग में फंसे मजदूरों की सकुशल वापसी, शिवरात्रि, मकर संक्रांति, करवाचौथ, होली आदि अनेक ज्वलंत विषयों पर फायकू विधा की रचनाओं का लेखन एवं प्रकाशन हुआ है। जिससे हमारे जैसे नवोदित रचनाकार इस विधा में कुशलता और निपुणता से अपनी रचनाओं को अभिव्यक्त कर रहे हैं और जन-जन तक अपनी बात पहुंचाने में सक्षम हो रहे हैं।

अनिलजी त्यागीजी की प्रेरणा
रचे हमने फायकू
तुम्हारे लिए
मन की कही-अनकही
भावना है कविता
तुम्हारे लिए

-लक्ष्मी सिंह
जलालाबाद शाहजहांपुर

फायकू पर विचार

आज फायकू पर प्रस्तुत हैं मेरे भी कुछ विचार। चूंकि नयापन सभी के लिए आकर्षण का विषय होता है और फायकू साहित्य रूप में एक नई विधा है जिससे कम शब्दों में अधिक भावभिव्यक्ति संभव हो पाती है। और इसका अंतिम समापन, तुम्हारे लिए, से जब होता है तो यह समाज से जुड़ जाता है साहित्य की यह नवीन विधा वास्तव में कम शब्दों में अधिक कहने की कला है, और इसके लिए अमन त्यागी जी अनिल शर्मा अनिल जी निसंदेह बधाई के पात्र हैं जिन्होंने स्थापित करने और इसको आगे बढ़ाने में सक्रिय योगदान दिया है। प्रेरणा उत्साह वर्धन के माध्यम से यह विधा उत्तरोत्तर प्रगति पर है। फायकू वह रचनात्मक कौशल है जिसे बहुत सहज भाव से हम सबने अपना लिया है और कोई भी विषय हो सहज भाव से भावों की अभिव्यक्ति साहित्यकार दे रहे हैं अतः साहित्यकार भी इस विधा के संवर्धन में सहयोगी बनकर बधाई के पात्र हैं फायकू कायकू जब कहा जाता है तो ऐसे प्रश्नों के उत्तर इस विचार मंच से आज सबको उपलब्ध हो जाएंगे और नवीन जानकारी भी इस संदर्भ में प्राप्त होगी इसके लिए बधाई है अनिल अभिव्यक्ति ई पत्रिका के सम्पादक जी को जिन्होंने इसे आज सबको इस मंच से जोड़ा है। नवीन जानकारी नवीन विचार नवीन विधा से परिचय कर है सब लाभान्वित होंगे। इसका भविष्य उज्जवल है। हम सब इस विधा को निरन्तर प्रयास कर आगे बढ़ाने में सक्रिय रहे। ऐसी आकांक्षा के साथ आभार अनिल अभिव्यक्ति ...

-प्रो पूनम चौहान
एसबीडी महिला महाविद्यालय धामपुर, बिजनौर उत्तर प्रदेश

नमन अनिल अभिव्यक्ति मंच

आदिकाल से कविता की तमाम विधाएँ विकसित हुईं और अभी भी उनका विकास चल रहा है। कहा जाता है कि काव्य विधा में दोहा किसी भी बात की अभिव्यक्ति का सबसे सरल और सशक्त माध्यम है, बिल्कुल सही है लेकिन बाद में विकसित होते हुए दोहा ग़ज़ल, दोहा मुक्तक तथा दोहा गीत भी लिखे जाने लगे और आज भी खूब प्रचलित हैं। कविता के विकास के दौर में हायकू के बाद फायकू का आना बहुत अच्छा है। जो रचनाकार छंदबद्ध तरीके से नहीं लिख सकते हैं वे फायकू विधा में आसानी से लिख सकते हैं। इसमें भी शब्द, शिल्प और सौन्दर्य झलकता है। प्रथम चरण में चार, द्वितीय चरण में तीन तथा तृतीय चरण में दो स्थायी शब्द 'तुम्हारे लिए' हमेशा तैयार मिलेंगे। इसके जन्मदाता अमन कुमार त्यागी और प्रसारक डॉ. अनिल कुमार जी बड़ी लगन से इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आज विश्व कविता दिवस पर अपने विचार व्यक्त करने का उनका फैसला सही है स तो देर किस बात की आप सभी खूब पढ़ें और फिर लिखें तथा आनन्द लें हर फायकू का स साथ में...

है फायकू लिखना आसान
अभिव्यक्ति बने महान
तुम्हारे लिए

-ईश्वर चंद्र जायसवाल
संत कबीर नगर (उत्तर प्रदेश)

एक विचार

हिंदी भाषा में अनेक प्रकार के विषय हैं जो गद्य और पद्य में बड़ी आसानी से प्रयोग में लाते हैं वह चाहे गीत, कविता, मुक्तक, हिंदी ग़ज़ल आदि क्यों न हों एक भाषा जापानी भाषा की हाइकू विधा भी प्रचलित है जिसका आजकल बहुत मात्रा मैं प्रयोग हो रहा है।

वहीं इन सबसे इतर एक नई विधा का उदय हुआ है। अमन जी व डॉ. अनिल जी के माध्यम से हुआ है और वह विधा है फायकू यह बहुत ही सरल है कम शब्दों में बहुत बड़ी बात कही जाती है। इसमें तीन पंक्तियां होती हैं प्रथम पंक्ति में ४ शब्द दूसरी में ३ और तीसरी में २ लेकिन अंतिम पंक्ति में तुम्हारे लिए होना आवश्यक है यहीं इस विधा की विशेषता है।

चलो हम सब पढ़ेंगे
हिंदी को अपनाएंगे
तुम्हारे लिए

अनिल जी को हृदय से बधाई साथ ही अमन जी को भी।

-अशोक विश्नोई

फायकू पर विचार

फायकू विधा एक ऐसी विधा है जिसमें हर कोई अपने मन के विचारों को कम शब्दों में पूरी कर देता है होना भी चाहिए कि हम किन्हीं चंद पंक्तियों में अपनी बात को कहने में सक्षम होने चाहिए धन्यवाद करते हैं फायकू के जनक अमन त्यागी जी और फायकू को भरपूर सम्मान तक पहुंचाने के लिए डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल' जी का कि उन्होंने इस विधा को उजागर किया और सभी के लिए एक चुनौती खड़ी कर दी। हायकू, मुक्तक जैसी विधा को सब ने रचा भी है सुना भी आज अधिकांश साहित्यकार भी फायकू को रचने लगे हैं फायकू नये-नये विषयों में भी रचने का प्रयास किया जा रहा है फायकू को रचना जितना कठिन है उतना ही आसान भी पहली पंक्ति में चार शब्द दूसरी पंक्ति में तीन शब्द तीसरी और आखीरी पंक्ति में दो शब्द तुम्हारे लिए कहना अनिवार्य है। जो हर एक शब्द का समर्पण दर्शाता है और गागर में सागर भर देता है फायकू एक ऐसी भी विधा है जिसने कभी कोई कविता ना की हो वो भी इसको रच सकता है।

सबका एक है विचार
फायकू रचेंगे हजार

तुम्हारे लिए।

-अक्षि त्यागी

भविष्य की प्रखर विधा है फायकू

नवोन्मेष जीवन का में गति एवं नवीनता का प्रतीक है। यदि समय-समय पर कुछ नया जीवन में न घटित हो तो जीवन एकरस हो जाता है और उसमें एक नीरसता आ जाती है। यह बात कविता पर भी पूरी तरह लागू होती है।

कविता में भी समय-समय पर अनेकानेक प्रयोग होते रहे हैं। कभी रस तो कभी छंद, कभी अलंकार तो कभी बिंब तो कभी प्रतीक या उपमेय और उपमानों के साथ प्रयोग होते रहे हैं और इस प्रयोगधर्मिता के कारण ही कविता समय-समय पर पुष्पित पल्लवित हुई है।

हालांकि जब लंबे समय से चली आ रही कोई परंपरा टूटती है तो उस पर कभी वेदना तो कभी आक्रोश भरे स्वर भी उठते रहे हैं। यदि हिंदी कविता पर एक दृष्टि डाली जाए तो वियोग से शुरू होने वाली यह विधा समय के साथ संयोग, मिलन, रति, आक्रोश, शृंगार, सृजन, विसर्जन हास्य, रुदन, करुणा और निरीहता जैसे कितने ही भावों को अपने साथ लेकर आगे बढ़ी है। कभी छंद विधान का पालन कठोरता से किया गया तो कभी छंद मुक्त कविता पर रचनाकार मोहित हुए अस्तु कुछ भी हुआ हो और कैसे भी हुआ हो इन सबसे कविता का भला हुआ हो या ना हुआ हो लेकिन कविता आगे बढ़ी है।

पिछले १० वर्ष में एक नई विधा के रूप में फायकू ने भी कविता के क्षेत्र में प्रवेश किया है। फायकू के समर्थकों का मानना है कि यदि कोई छंद या फिर सुर लय और ताल में पारंगत नहीं है तो उसे भी अपने भावों की अभिव्यक्ति का काव्य के माध्यम से अधिकार है और छंद मुक्त कविता या नई कविता अथवा प्रायोगिक कविता की तरह ही फायकू इसमें उसकी मदद करता है। एक दृष्टि से देखने पर जापान का हाइकू फायकू से तुकबंदी करता नजर आता है और किसी हद तक दोनों में काफी साम्य भी है लेकिन फायकू को हाइकू का ही दूसरा रूप मान लेना सही नहीं है क्योंकि दोनों विधाओं की अपनी विशेषताएं हैं। अभी यह विधा साहित्य के क्षेत्र में एक नवजात शिशु की तरह है और उसका कैसे विकास होगा, कहां तक जाएगी, किस प्रकार से उसका भी विकसन एवं पल्लवन होगा तथा उसकी कितनी उम्र होगी का नहीं जा सकता। पर एक बात तो तय है कि फायकू कितने ही ने पुराने रचनाकारों को अपनी ओर न केवल आकृष्ट करेगा अपितु उनमें नई रचनाधर्मिता का संचार भी करेगा।

आने वाले समय में जब-जब भी फायकू विधा का जिक्र होगा तो ओपन डोर के प्रकाशक, संपादक एवं रचनाकार अमन त्यागी तथा बहुमुखी प्रतिभा के धनी, शिक्षक रचनाकार एवं अनिल अभिव्यक्ति के संस्थापक अनिल शर्मा 'अनिल' का नाम जरूर लिया जाएगा। इन दोनों सृजनहारों ने इस विधा के विकास हेतु निसंदेह अथक परिश्रम किया है तथा नए रचनाकारों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित भी किया है।

अस्तु, आज विश्व कविता दिवस के अवसर पर कविता परिवार में फायकू का स्वागत है तथा साथ ही साथ उसके उन्नयन प्रगति विकास एवं पल्लवन की शुभकामनाएं हैं।

-डॉ. घनश्याम बादल, रुड़की

फायकू विधा पर मेरे विचार

फायकू विधा बहुत सुंदर विधा है, जिसमें कम शब्दों में असीमित भावों को सृजित किया जाता है। इस विधा को मैंने पहली बार अनिल अभिव्यक्ति मंच पर ही पढ़ा और सुना। इस विधा के माध्यम से हमें अपने भावों को अभिव्यक्त करने की नई विधा की जानकारी मिली। जिसके अंतर्गत प्रथम पंक्ति में चार शब्द, द्वितीय पंक्ति में तीन शब्द, और तृतीय पंक्ति में दो अनिवार्य शब्द तुम्हारे लिए प्रयोग किए जाते हैं। मैंने भी बहुत से आयोजनों पर फायकू लिखे। कुछ समय पर ना भेज पाने के कारण प्रस्तुत नहीं कर पाई। लेकिन कुछ प्रस्तुत भी किये जिसके लिए मुझे सम्मानित भी किया गया। फायकू विधा में लिखना ही अपने आप में सुंदर भाव जागृत कर जाता है। बहुत से अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मंचों पर भी मैंने फायकू विधा में रचनाएं ऑनलाइन प्रस्तुति दी है।

जिसके लिए सभी ने इस नई विधा की जानकारी को सुनकर अनिल अभिव्यक्ति मंच की बहुत प्रशंसा की है। मैं सदैव अनिल अभिव्यक्ति मंच की आभारी हूं कि उन्होंने इतनी सुंदर आयोजन में मुझे सीखने और बोलने का अवसर दिया। आपके लिए और आपकी सुंदर विधा के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद आभार।

-ज्योतिराज मधुरिमा

धामपुर, बिजनौर उत्तर प्रदेश भारत

फायकू एक सरल, सहज, रोचक कविता की विधा है

आज २१ मार्च का दिन विश्व कविता दिवस को समर्पित है। संस्कृत से जन्मी हमारी मातृभाषा हिंदी का साहित्य आज विश्व स्तर पर अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हिंदी का साहित्य बहुत विस्तृत है जिसमें मुख्य रूप से दो विधाएं गद्य और पद्य में विभिन्न भावों और विचारों की रसात्मक अभिव्यक्ति हुई है।

आज विश्व कविता दिवस के उपलक्ष में हम काव्य विधा पर प्रकाश डालेंगे हिंदी साहित्य के आदिकाल से लेकर वर्तमान युग तक नई कविता ने कविता के विभिन्न उपयोग देखें हैं, यथा- दोहा, छंद, कुंडलिया, चौपाई, सवैया, सोरठा, गीत, अतुकांत कविताएं, हाइकु इत्यादि।

आज भावों का मात्रिक दर्शन गीत की पद्यात्मक लयात्मकता प्रायः न्यूनतम हो रही है। आज की व्यस्ततम जिंदगी जीवन के हर क्षेत्र में शॉर्टकट अपना रही है परंतु इस स्थिति का भी अपना एक अलग महत्व और दर्शन है। कविता के क्षेत्र में एक नवीनतम विद्या फायकू ने जन्म लिया है और लगभग १० वर्षों से उसने अपना शैशव से बचपन तक स्वतंत्रता के साथ व्यतीत किया है। फायकू एक सरल, सहज, रोचक कविता की विधा है जिसके अंतर्गत तीन पंक्तियां होती हैं जिसमें प्रथम पंक्ति में चार शब्द, द्वितीय पंक्ति में तीन शब्द और अंतिम पंक्ति में दो शब्द जो की हमेशा हर फायकू में 'तुम्हारे लिए' आना अनिवार्य होता है। यह तीन पंक्तियों के शब्द ब्रह्मा विष्णु महेश के प्रतीक लगते हैं जो की एक समर्पण का भाव प्रभु के प्रति दर्शाते हैं। अंतिम पंक्ति तो वास्तव में अहमन्यता से दूर करती है।

डॉ. अनिल शर्मा अनिल के अभिव्यक्ति मंच पर हमने Open Door पत्रिका के संपादक मान्यवर अमन त्यागी द्वारा प्रेषित ई फायकू विशेषांक पर विस्तृत सामग्री का पठन करने के उपरांत नवंबर २३ से लिखना प्रारंभ किया। हमें लेखन में सहज और विशेष रसात्मकता की अनुभूति हुई। फायकू विद्या का भविष्य उज्जवल है। 'अभिव्यक्ति मंच' के संपादक डॉक्टर अनिल शर्मा अनिल जी एक सशक्त हस्ताक्षर हैं साहित्य जगत के। उनके और अमन त्यागी जो शोध के आदर्श भी हैं, दोनों साहित्यकारों के लिए फायकू विद्या के प्रचार और प्रसार के लिए नव नव साहित्यकारों को मार्गदर्शन और प्रेरणा देने के लिए बहुत-बहुत हार्दिक बधाइयां

और अनंत शुभकामनाएं देती हूं

-डॉ. रेखा सक्सेना
मुरादाबाद उत्तर प्रदेश

भावों का प्रकटीकरण कम शब्दों में फायकू द्वारा किया जा सकता है

फायकू बिल्कुल नयी विधा है। फायकू का आकार नये विचारों को बहुत अच्छी प्रकार से संयोजित करता है। किसी भी विषय को बहुत सरलता पूर्वक फायकू में माला की भांति पिरो सकते हैं क्योंकि यह विधा स्वयं में सम्पूर्ण और समर्थ है। भावों का प्रकटीकरण कम शब्दों में फायकू द्वारा किया जा सकता है। चाहे मौसम की बात हो, उत्सवों का शाब्दिक आयोजन हो या राजनीति और अर्थव्यवस्था की बात हो फायकू द्वारा सफलता से व्यक्त होती है। फायकू विधा में कविता रचना आनन्ददायक है। यह रस सिद्ध छंदमय रचना है। सबसे अच्छी बात ये है कि फायकू किसी भी विषय पर बहुत कम समय में लिखे जा सकते हैं। तुम्हारे लिए से फायकू की इति सुंदर और लयात्मक लगती है। यह अनूठे छंद विधान से अपनी निश्चित गति से चलती है सुंदर और प्रभावी ढंग से भावाभिव्यक्ति करती है। बहुत सुविधाजनक सूत्रात्मक रचना है फायकू। विश्व कविता दिवस पर विशेष धन्यवाद अभिव्यक्ति को फायकू रचना सिखाने हेतु।

-डॉ. वीना गर्ग
मुजफ्फरनगर

२१ मार्च २०२४, विश्व कविता दिवस

अनिल अभिव्यक्ति 'अनिल' के मंच पर नवीन और लघु विधा 'फायकू' पर आज शानदार विचाराभिव्यक्ति पढ़ने को मिल रही है। सभी ने खुले मन से न केवल इस को स्वीकारा है वरन् इसका स्वागत किया है। क्यों कि आज के व्यस्त जीवन में कम समय में पाठक को और रचनाकार को मानसिक संतुष्टि प्रदान करने की क्षमता संजो कर रखने में 'फायकू' पूर्णतः समर्थ है। यह कौतुहल से परिपूर्ण आधुनिक विधा है जिसको लिखने में भी आनंद आता है और पढ़ने मे भी।

ध्यान केवल यह रखना होता है कि अंत के दो शब्दों 'तुम्हारे लिए' से पूर्व पंक्तियों का तालमेल इस प्रकार बैठाया जाए कि अर्थ का अनर्थ ना हो सके।

फायकू से परिचय 'अनिल-अभिव्यक्ति' के मंच पर ही हुआ। अनिल जी के आमंत्रण पर ही विविध अवसरों पर फायकू लिखे जाते हैं। इस विधा के जनक 'अमन त्यागी जी' एवं इस को अभिसिंचित करने वाले अनिल शर्मा 'अनिल' जी के प्रयासों की यह विधा सदैव ऋणी रहेगी।

आप दोनों का योगदान नवीन साहित्य के संदर्भ में स्मरणीय रहेगा।

निष्कर्ष में कहा जा सकता है कि 'फायकू' एलोपैथी की वह टैबलेट है जो साहित्य- प्रेमियों के मन मस्तिष्क को तुरंत प्रभावित करने में सक्षम है।

-विनोद शर्मा
धामपुर

मैं तो गदगद हो गई

पहली बार पटल पर सुना। मैं अचंभित थी आखिर यह विधा क्या है?

कई बार उसको समझती कई बार सोचती, आखिर किसने लिखा है। यह कहां से आई है, क्या इसका मकसद है।

मैं पटल पर जितने भी फायकू आते उनको पढ़ती, पढ़ने के बाद खुद लिखने का प्रयास करती। पटल के माध्यम से प्रयास थोड़े बहुत सफल रहे, खुशी तो होती मगर जिज्ञासा रहती किस विधा का असली हकदार कौन है। आज कविता दिवस पर सारे संदेह समाप्त हो गये, विशेष लेखकों द्वारा प्राप्त, हुआ, इस विधा का जनक हमारे ग्रुप के संरक्षक एवं संपादक जी, हमारे बीच रहने वाले विशेष व्यक्ति श्री डॉ. अनिल जी एवं अमन त्यागी जी हैं। मैं तो गदगद हो गई, अरे! मैं जिस विधा को दुनिया में ढूंढ रही थी, वह तो मेरे साहित्यक परिवार के मुखिया जी हैं, पहले समझ ही नहीं आता था, कि नाम किसने दे दिया। गूगल पर कई बार सर्च किया कि कहीं इसका कोई अर्थ मिल जाए उसे अर्थ नहीं मिला फिर मैं अपने जो लेखक साथी है उनसे फोन करती फिर पूछती कि यह क्या है सब यह कहकर संत्वना, दे देते की पहली लाइन में चार शब्द, दूसरी लाइन में तीन शब्द, और अंतिम वाली लाइन में तुम्हारे लिए आना अनिवार्य है। यह एक नई विधा है फायकू जो मैंने अनिल अभिव्यक्त जी के मंच से सीखी है, तो मैं उनको जवाब दे देती सच तो यही है मैं मंच पर देखा। लेकिन इसका इतिहास नहीं पड़ा। यह मेरी तमन्ना थी, आखिर आज मेरी तमन्ना पूरी हो गई बीच हमारे साहित्यकारों द्वारा विभिन्न प्रकार से इसकी परिभाषित किया गया इसके बाद डॉक्टर अनिल सर द्वारा एवं त्यागी जी के द्वारा विशेष ढंग से विस्तृत जानकारी दी गई उसका महत्व पता लगा इतना आनंद आया कि जैसे मैं किसी और लोक में आ गई हूं इतनी सरल सुहानी विद्या गजब की विधा जिसकी तुलना किसी और से करना बिल्कुल बेमानी होगी सच तो यह है यह विदा सहज सरल मनोरम हिंदी जगत को नया जीवन देने वाली जैसी है हर व्यक्ति अपने मन के भाव को बड़ी सरलता से सहजता से व्यक्त कर लेता है, इस विधा को जन्म देने वाले जनक, एवं सहयोगी साहित्यकारों को, बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं भी मैं तो यही कहूंगी आप हम सभी साहित्यकारों के दिलों में ऐसे ही राज करते रहो, और हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी को अक्षुण्ण बनाने के लिए आपका विशेष योगदान है जो अतुलनीय है। विश्व कविता दिवस की पुनः सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाइयां।

इस नई विधा से अवगत कराने के लिए और आज पूर्ण रूप से संतुष्ट, करने के लिए ग्रुप की संपादक और संरक्षक को कोटि-कोटि धन्यवाद और प्रणाम करती हूं।

-सीता त्रिवेदी (शाहजहांपुर)

फायकू पर विचार

कविता दिवस पर आप सभी को
हिंदी साहित्य भाषा की हार्दिक बधाई।

२१ मार्च कविता दिवस पर फायकू विधा पर विचार रखना कठिन है पर प्रयास अवश्य करना चाहूंगी,, सर्वप्रथम तो आपको अनूठी नई विधा से परिचय करवाने का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करती हूं।

तीन पंक्तियों में संपूर्ण साहित्यिक सार है। शब्दों की संरचना इस प्रकार है कि किसी भी विषय को लिखना है तो नौ शब्दों में कविता का अर्थ एवं कविता की खूबसूरती को बरकरार रखा जाता है। थोड़े में ज्यादा समझना इस विधा का सुंदर आयाम है जोकि हिन्दी साहित्य के जगत में दोहा छंद गीत चौपाई कुंडलियां की तरह आज के नये नोर्मल समाज में अपनी पहचान बनाने में कामयाब होगी।आज की भागम भाग लाइफ स्टाइल में जहां परिवार में स्त्री पुरुष दोनों ही काम काजी हैं तो न्यूनतम समय में भावों को समझना, लोगों के लिए एक प्रकार से उचित ही होगा।

हिंदी के साहित्यकार लेखक और कलमकार इस नवीन विधा के परिचायक सारथी बन नवीन पीढ़ी के कलमकारों का हौंसला बढ़ाने में सहायक बनेंगे। आदरणीय अमन त्यागी जी एवं अनिल शर्मा जी ने

फायकू विधा को हिंदी साहित्य जगत में रचनात्मक खोज कर इतिहास रच दिया है।

मेरा सौभाग्य है कि मैं अभिव्यक्ति मंच से जुड़ कर विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञानार्जन किया है। मैं आभार व्यक्त करती हूं।

आगे भी मार्गदर्शन दर्शन की अभिलाषा रखती हूं। हार्दिक बधाई एवं अनेकानेक शुभकामनाएं।

धन्यवाद

-रेनू बाला सिंह
गाजियाबाद

फायकू आसानी से समझ आ जाती है

आदरणीय अनिल जी,

लेट हो जाने के कारण मैंने भी अपने विचार प्रेषित नहीं किए थे। परंतु पटल पर प्रेषित कर रही हूं कृपया स्वीकार करें।

सर्वप्रथम तो इस नई फायकू विधा की जानकारी के लिए मैं आदरणीय डॉ. अनिल शर्मा जी एवं अमन त्यागी जी का धन्यवाद करती हूं।

इस नई विधा में कई संभावनाएं निहित हैं। संक्षेप में स्वयं के भावों की अर्थपूर्ण अभिव्यक्ति विद्या को सुंदर स्वरूप प्रदान करती है।

प्रथम पंक्ति में चार शब्द द्वितीय में तीन शब्द तथा तृतीय पंक्ति में अनिवार्य दो शब्द 'तुम्हारे लिए' फायकू के सुंदर स्वरूप को दर्शाती हैं।

फायकू विद्या नवीनतम होने के साथ-साथ आसानी से समझ आ जाती है और नए कलमकारों को भी रचना के अवसर प्रदान करती है।

विधा अवश्य ही अपना स्वर्णिम स्थान बनाएगी। ऐसी कामना करती हूं।

फायकू के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त करना बहुत अच्छा लगा। इस विधा का कई रचनाएं लिखने में प्रयोग कर चुकी हूं और भविष्य भी करती रहूंगी।

धन्यवाद।

अनंत शुभेच्छाओं के साथ

-मैत्री मेहरोत्रा 'मैत्री'

अन्तराष्ट्रीय कविता दिवस पर फायकू के उद्गार तुम्हारे लिए।

फायकू साहित्य जगत में एक नई विधा है, जिसका उद्गम आदरणीय श्री अमन कुमार त्यागी जी साहित्यकार के कर कमल द्वारा हुआ। और फायकू विधा को भी नन्हे-नन्हे कदमों से उंगली पड़कर चलने के साथ साथ ही दौड़ना भी सिखाया अनिल अभिव्यक्ति ग्रुप के संपादक डॉ. अनिल कुमार शर्मा 'अनिल जी' ने।

फायकू- स्वस्थ सुंदर और मनभावन बालक स्वरूप की भांति सभी रचनाकारों को बहुत पसंद आया। तथा सभी कवियों ने प्रसन्नचित मन से इसे खूब खिलाया यानि अपनी लेखनी से हर विषय पर खूब लिखा। आदरणीय श्री अमन कुमार त्यागी जी 'फायकूकार' ने इस विधा को लिखने की सरल, आसान, सहज विधि सिखायी।

तीन पंक्ति में चार, दूसरे में तीन, और तीसरी में तुम्हारे लिए। दो शब्द लिखने में बहुत आनंद आता हैं। जाने अनजाने में कोई भी अपने मन की भावों को दूसरे के भावों से एकाएक जोड़ते हुए महसूस करते हैं।

जैसे सर्दी के फायकू
हमने भी बनाए
तुम्हारे लिए
होली की हार्दिक बधाई
हमजोली के संग
तुम्हारे लिए

यह विधा नवीनतम होने के साथ साथ नये कलमकारों के लिए भी लिखने का उत्कृष्ट माध्यम हैं।

फायकू नए कलमकारों के लिए बिल्कुल ऐसी विधा है जैसे- कोई बालक मोबाइल हाथ में आते ही पलक झपकते ही कार्य कर देता है और बड़े देखते ही रह जाते हैं सोचते ही रह जाते हैं। उसी प्रकार फायकू भी कम शब्दों में अधिक प्रभावी भी है-

फायकू है उत्कृष्ट विधा
डिजिटल दुनिया सी
तुम्हारे लिए

जब से फायकू विधा ने मेरे जीवन में अधिकार जमाया है तब से -

मन करता है कि
फायकू ही लिखूं
तुम्हारे लिए।

-रंजना हरित
बिजनौर उत्तर प्रदेश

फायकू विधा पर विचार

फायकू विधा से मैं बिलकुल अनजान थी, आदरणीय डॉ. अनिल जी शर्मा और त्यागी जी के अनिल अभिव्यक्ति मंच में मैं प्रथम बार इस विधा से परिचित हुई और प्रथम बार महाशिवरात्रि पर फायकू लिख कर इस अंक में अपनी जगह बनाई। मैं अमन त्यागी जी और डॉ. अनिल जी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने फायकू विधा से परिचित करा कर हमारे ज्ञान में बढ़ोतरी करने का नेक काम इस मंच द्वारा किया है। फायकू विधा को विकसित करने और इस विधा से परिचित कराने का पूरा श्रेय इस मंच को देकर ये अपेक्षा करती हूं कि भविष्य में भी निरंतर नई नई विधाओं से परिचित करवा कर हमारे ज्ञान के भंडार में इजाफा करेंगे। मैं सभी साहित्यकारों को भी शुभकामनाए देती हूं कि वो अपना बेहतरीन सृजनात्मक साहित्य से इस मंच को अलंकृत करते रहेंगे।

अंत में एक बार फिर इस मंच को तथा आदरणीय दोनो विद्वानों को उनके सराहनीय कार्य की तहे दिल से मुबारकबाद देती हूं।

फायकू विधा निरंतर प्रख्यात होकर अपनी अलग पहचान बना कर बुलंदियों को छुए ये दुआ करती हूं।

रंगपंचमी पर फायकू रंग
साथ में बताशे भांग
तुम्हारे लिए

धन्यवाद

-महेजबीन मेहमूद राजानी
गोंदिया महाराष्ट्र

फायकू विधा

हिन्दी साहित्य की एक अभूतपूर्ण सुंदर विधा जिससे रचनाकारों का परिचय अभिव्यक्ति पटल के माध्यम से हुआ। प्रथम पंक्ति में चार, द्वितीय पंक्ति में तीन व तृतीय पंक्ति में तुम्हारे लिए! कुल मिलाकर ९ शब्दों की सार्थक रचना। अपने मनोभावों को प्रकट करने का सशक्त माध्यम। कम शब्दों में सार गर्भित बात कहना गागर में सागर समाने बाली कहावत को चरितार्थ करता है। आज संचार माध्यम की त्वरित सुविधाओं से जानकारियों का प्रसार भी त्वरित है। रचनाकारों को नई विधा को समझने व रचना सृजन का सौभाग्य मिल रहा है, जिसके लिए अभिव्यक्ति मंच का हृदय से आभार प्रकट करना अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझती हूं।

हम सभी विद्वतजनों से सीखते चलें, साहित्य को समृद्ध करने में योगदान दें, यही कामना करती हूं।

- मीना जैन

फायकू पर फायकू में विचार

विश्व कविता दिवस पर फायकू

१
विश्व कविता दिवस भेजूं
साहित्यकारों को प्रणाम
तुम्हारे लिए
२
फायकूं विधा भाव समेटे
गागर में सागर
तुम्हारे लिए
३
अनिल अभिव्यक्ति मंच सृजनात्मक
फायकू बोध कराता
तुम्हारे लिए
४
सीमित शब्दों में असीमित
अभिव्यक्ति करना सिखाता
तुम्हारे लिए
५
नित नूतन पर्व मनाता
फायकू आनंद बिखरता
तुम्हारे लिए।
६
कभी महादेव को मनाता
शिवपार्वती विवाह दिखाता
तुम्हारे लिए
७
बेटी दिवस पर उत्सव
फायकू मंच मनाता
तुम्हारे लिए
८
भावों की झड़ी लगाता
उत्साहवर्धन सम्मान दिलाता
तुम्हारे लिए
९
सुंदर सृजन पर सुंदर
फायकूं सम्मान दिलाता
तुम्हारे लिए
१०
प्रत्येक रचनाकार की रचना
उचित मापदंड समीक्षा
तुम्हारे लिए
११
आधी अधूरी अनुचित क्रम
हो मिलें उपेक्षा
तुम्हारे लिए
१२
करो पुनः सृजन सुंदर
करें मांग मंच अपेक्षा
तुम्हारे लिए
१३
कई बार परिस्थिति वश
रह जाते प्रतिभागी
तुम्हारे लिए
१४
तब पुनः सृजन अवसर
देता नया विषय
तुम्हारे लिए
१५
पहली चार दूसरे तीन
अंतिम शब्द अनिवार्य
तुम्हारे लिए
१६
परिवार में उलझी भ्रमित
मुश्किल अवसर लेखन
तुम्हारे लिए
१७
मगर सुंदर आयोजन कैसे
विसराऊं अवसर लेखन
तुम्हारे लिए
१८
कीजिए समीक्षा दीजिए फटकार
लिखे कुछ फायकू
तुम्हारे लिए
१९
अपेक्षा सदैव स्नेह आशीर्वाद
मिले गुरु समान
तुम्हारे लिए
२०
करु नमन सदैव आभार
सुंदर विधा फायकू
तुम्हारे लिए
२१
मैं मूर्ख बालक अज्ञान
छोटी तृणमूल समान
तुम्हारे लिए

ज्योतिराज मधुरिमा
धामपुर बिजनौर उत्तर प्रदेश
भारत

कविता दिवस पर फायकू

१
कविता से पहला प्यार
शब्दों का अलंकार
तुम्हारे लिए
२
भावों का लावा पिघलता
कविता लेती आकार
तुम्हारे लिए
३
मन के भाव बदल रहै
कविता का रंगरूप
तुम्हारे लिए
४
करती तुमसे बेहद प्यार
शब्द लेते आकार
तुम्हारे लिए
५
भावुक मन कवि हदय
कविता मेरा प्यार
तुम्हारे लिए
६
अभिसार की मधुरिम बेला
लिखती मैं शृंगार
तुम्हारे लिए
७
भावों का ज्वार भाटा
लिखता भाव अनेक
तुम्हारे लिए
८
प्रेम करती हूं तुमसे
रचती प्रेम गीत
तुम्हारे लिए
९
कवियों का संसार निराला
भरते भाव प्याला
तुम्हारे लिए
१०
वियोगी हदय की पुकार
कविता का संसार
तुम्हारे लिए
११
मेरे मन पर अधिकार
कविता का शृंगार
तुम्हारे लिए
१२
फायकू विधा में लिखा
कविता दिवस आज
तुम्हारे लिए
१३
नई विधा सीख रही
शब्द संख्या मेल
तुम्हारे लिए
१४
अभिव्यक्ति का मंच मिला
फायकू विधा संज्ञान
तुम्हारे लिए
१५
गागर में सागर भरना
सीखी फायकू विधा
तुम्हारे लिए

सरोज दूगड़ 'सविता'
खारूपेटिया - असम

कविता दिवस की बधाई

कविता

१
कविता अनुभूति कराती हमें
मानवीय रिश्ते सारे
तुम्हारे लिए
२
नारी की सुंदरता दिखती
मन के भाव छूती
तुम्हारे लिए
३
शब्दों की माला पिरोती
एहसास जज्बात गूँथती
तुम्हारे लिए
४
अंतर्मन उदासीनता छलती कविता
सामाजिक चेतना जगाती
तुम्हारे लिए
५
स्वतंत्र आशादीप जलती कविता
वीरता शृंगार जताती
तुम्हारे लिए
६
पीड़ा बिरहा निर्भयता क्रूरता
हृदय संवाद कराती
तुम्हारे लिए
७
हृदय में भाव बरसाते
सोच उजागर करती
तुम्हारे लिए
८
मन के उड़ते पक्षी
शब्दों में बाँधती
तुम्हारे लिए
९
उन्मुक्त अनियंत्रित मर्म भेदती
रचना को आकार
तुम्हारे लिए
१०
कलम कागज पर मढ़ती
स्वच्छंदता एहसास कराती
तुम्हारे लिए

डॉ. पुष्पा सिंह

कविता की कहानी, फायकू की जुबानी

१
मैं कविता कवि की
भावों में बँधी
तुम्हारे लिए
२
बसी हूँ उसके ही
हर शब्द में
तुम्हारे लिए
३
है मुझमें जुदाई भी
और मिलन भी
तुम्हारे लिए
४
बसे हैं हजारों सपन
इस नयन में
तुम्हारे लिए
५
कभी वादे झूठे मैं
नेता के लिखती
तुम्हारे लिए
६
इरादे कभी अपने दृढ़
मन के कहती
तुम्हारे लिए
७
किया खुद को अर्पण
बनकर के दर्पण
तुम्हारे लिए
८
श्रवण मन से करना
कवियों को लाई
तुम्हारे लिए
९
दुनिया का हर रंग
मुझमें चढ़ा है
तुम्हारे लिए
१०
मगर प्रेम का रंग
लेकर मैं आई
तुम्हारे लिए

विनीता चौरासिया
शहजहाँपुर उत्तर प्रदेश

कविता दिवस पर फायकू

१
कविता दिवस पर फायकू
आज पहली बार
तुम्हारे लिए
२
लिखने का शौकीन मैं
कविता लिखता रोज
तुम्हारे लिए
३
आज कविता दिवस पर
कुछ लिख रहा
तुम्हारे लिए
४
शब्दों में प्यार भरकर
लिखता मैं फायकू
तुम्हारे लिए
५
कविता का शौकीन हूं
सुनाता हूं कविताएं
तुम्हारे लिए
६
कविता दिवस पर आपको
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
तुम्हारे लिए
७
कविता लिख रहा हूं
बड़े उल्लास से
तुम्हारे लिए
८
कविता में लिखता हूं
दिल की बात
तुम्हारे लिए
९
फायकू से अनजान था
लिखा पहली बार
तुम्हारे लिए
१०
पहली बार लिख रहे
जौली जी फायकू
तुम्हारे लिए

- जयप्रकाश जौली
नजीबाबाद

फायकू कविता पर

१
विश्व कविता दिवस उद्देश्य
है भाषाई ज्ञानोदय
तुम्हारे लिए
२
अतीतकालीन कवियों का ऋणी
भाषा भाव उपयोग
तुम्हारे लिए
३
यूनेस्को द्वारा १९९९ में
स्थापित सांस्कृतिक कविता
तुम्हारे लिए
४
प्रतिवर्ष आज के दिन
कवि करते नवसृजन
तुम्हारे लिए
५
कविता के विविध रूप
गीत छंद सवैया
तुम्हारे लिए
६
दोहा सोरठा चौपाई कुंडलिनी
मुक्तक हाइकू फायकू
तुम्हारे लिए
७
समय बदला हुआ क्षणवादी
रचे सरल फायकू
तुम्हारे लिए
८
तीन पंक्तियों में समाहित
सहज हृदयगाही फायकू
तुम्हारे लिए
९
अभिव्यक्ति मंच पर बीजारोपण
नवविधा फायकू का
तुम्हारे लिए
१०
बधाइयां श्रीमन अनिल अमन जी
प्रेरक फायकू लेखन
तुम्हारे लिए
११
अमर रहे लेखनी सबकी
जबतक है गंगायमुना
तुम्हारे लिए
१२
फायकू का वर्चस्व साम्राज्य
नित्य होवे परिवर्धित
तुम्हारे लिए

डॉ. रेखा सक्सेना
मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश।

होली के फायकू

१

कालिंदी कूल मची रे
होली की धूम
तुम्हारे लिए
रंगत, रंगों की बढ़ी
गालों को चूम
तुम्हारे लिए

ग्वाल बाल संग सखा
नाचौ रे कन्हैया
तुम्हारे लिए
राधा भी नृत्य करें
ता ता थैया
तुम्हारे लिए
थिरक रही सखियां भी
संग झूम झूम
तुम्हारे लिए
कालिंदी...................

रंगों की बारिश में
भीगे तन मन
तुम्हारे लिए
बाल वृद्ध जन पर
भी आया यौवन
तुम्हारे लिए
कर रहे शरारत पर
दिखते हैं मासूम
तुम्हारे लिए
कालिंदी..........

२

रंगों की मस्ती में
होली का धमाल
तुम्हारे लिए

गुंझिया, मठरी, सेल, समोसे
टिकिया, इडली, डोसे
तुम्हारे लिए
होली की दावत में
हमने ही परोसे
तुम्हारे लिए
खाओ, इनको लेकर स्वाद
हमारा सारा माल
तुम्हारे लिए

रंग गुलाल खूब उड़ाना
चलेगा नहीं बहाना
तुम्हारे लिए
नाचना ढोल खूब बजाना
रसिया होलियाना गाना
तुम्हारे लिए
रंग अपने रंगे तुमको
अब लालम लाल
तुम्हारे लिए

डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल'



डॉ. अनिल शर्मा
'अनिल'
धामपुर

रंगों से सजीला सिंगार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए
उमंग उल्लास फागुनी बयार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए

तरंग संग मस्ती व्यवहार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए
लाया रंगों की फुहार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए

रंगों में भरा प्यार,
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए
कहीं कोड़ामार, कहीं लट्ठमार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए
रसिया,फाग गायें परिवार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए
ढोल बजा रे जोरदार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए

भिगोती पिचकारी की धार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए
लगते सब रंगे सियार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए

नृत्य करें नर-नार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए
मिटाये मन के विकार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए

रंगे चौराहे घर-बार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए
मस्ती करो मिलकर यार
होली का त्योहार
तुम्हारे लिए

मीना जैन

१
होली का रंगीला त्योहार
लाए अनुपम उपहार
तुम्हारे लिए
२
रंग दे चूनर सांवरिया
रहे सारी उमरिया
तुम्हारे लिए
३
रंग केवल प्यार का
फागुनी दुलार का
तुम्हारे लिए
४
रंगों की मर्यादा है
मन सादा है
तुम्हारे लिए
५
मनमुटाव सब मिट जाएं
गले मिल जाएं
तुम्हारे लिए
६
चलो आज उनसे मिलें
जो चेहरे अधखिले
तुम्हारे लिए
७
सुन फागुन की आहट
राह निहारे चौखट
तुम्हारे लिए
८
कैसे खेलूं होली रे
दूर हमजोली रे
तुम्हारे लिए
९
जीवन उत्सव रंग का
मनोहारी संग का
तुम्हारे लिए
१०
परस्पर रहे सद्भाव सदा
स्नेह रंग सर्वदा
तुम्हारे लिए

सीता त्रिवेदी

शाहजहांपुर

१
होली आई रे अब
रंग लाएं हम
तुम्हारे लिए
२
बेरंगी दुनिया में अब
रंग लेकर आई
तुम्हारे लिए
३
रंग बिरंगे चेहरे लेकर
हंसाने आएंगे हम
तुम्हारे लिए
४
लगाने गुलाल अबीर रंग
लेकर आएं हम
तुम्हारे लिए
५
भर कर लाएंगे पिचकारी
होगा रंग पक्का
तुम्हारे लिए

सरोज दुगड़ 'सविता'

खारूपेटिया - असम

१
गांठे मन की खोलकर
आया होली त्योहार
तुम्हारे लिए
२
शरद की सुखद बिदाई
बसंत आया सुखदाई
तुम्हारे लिए
३
रसियों का मन ललचाया
फागुन रंगीला आया
तुम्हारे लिए
४
चंग बजाते गाते रसिये
भंग घोटते आज
तुम्हारे लिए
५
रंग पिचकारी लेकर आया
होली त्यौंहार आया
तुम्हारे लिए
६
प्रेम प्याला पीकर आया
होकर मैं मदहोश
तुम्हारे लिए
७
कोरी चुनरिया ओढ़ी मैने
रंग नहीं छूटे
तुम्हारे लिए
८
जागे भाग गुलाल के
लगा तुम्हारे गाल
तुम्हारे लिए
९
आई फागुन चांदनी रात
जिया मेरा उदास
तुम्हारे लिए
१०
आओ मिल होली खेलें
फूलों लाई आज
तुम्हारे लिए
११
गुंजिया बरफी मैंने बनाई
ठंडाई घोटी आज
तुम्हारे लिए
१२
अमराई में कूहकी कोयलिया
छमछम नाची आज
तुम्हारे लिए
१३
आई फागुन पूनम रात
करती सोलह शृंगार
तुम्हारे लिए
१४
बजता चंग खुलती नींद
मै होती बेचैन
तुम्हारे लिए



योगिता चौरसिया प्रेमा

मंडला मप्र.

१
फागुन के मधुमास में
रंगो की बरसात
तुम्हारे लिए
२
तन मन प्रेमिल भीगता
सजता रंग गुलाल
तुम्हारे लिए
३
फागुन के पर्व पर
प्रेमिल रखें विकल्प
तुम्हारे लिए
४
फागुन आया अब सखी
होली खेले संग
तुम्हारे लिए
५
फागुन आया देख सखी
मन करता नृत्य
तुम्हारे लिए
६
धर पिचकारी नर नारी
प्रेमिल पड़े फुहार
तुम्हारे लिए
७
रंग रंगी टोली टोली
ढोल मृदंग थाप
तुम्हारे लिए
८
राग द्वेष को भूले
प्रेम पवन डोले
तुम्हारे लिए

सत्येन्द्र शर्मा 'तरंग'

देहरादून

होली इकतालिसा

१
होली आयी होली आयी
हर्ष तरंग लायी
तुम्हारे लिए

२
२०२४ की मार्च पच्चीस
होली पर आशीष
तुम्हारे लिए

३
छाया होली का उल्लास
आया फागुन मास
तुम्हारे लिए

४
फागुन में झूमे संसार
रंगों की बौछार
तुम्हारे लिए

५
फाल्गुन मास की पूर्णिमा
होली की अरुणिमा
तुम्हारे लिए

६
प्रहलाद का है प्रताप
होली के साथ
तुम्हारे लिए

७
करते हैं होलिका दहन
रंगीले वस्त्र पहन
तुम्हारे लिए

८
होली पर लाये लकड़ियाँ
सब लड़के लड़कियाँ
तुम्हारे लिए

९
होली में होलिका-दहन
लाए सुख-चौन
तुम्हारे लिए

१०
अद्‌भुत बरसाने की होली
प्रेम की गोली
तुम्हारे लिए

११
होली नंदगाँव की लट्ठमार
आनन्द लाती बेशुमार
तुम्हारे लिए

१२
झलके राधा कृष्ण प्रेम
होली में क्षेम
तुम्हारे लिए

१३
होली है प्रेम धारा
त्योहार है प्यारा
तुम्हारे लिए

१४
गुंझिया, मिठाई, नमकीन पकवान
होली की है शान
तुम्हारे लिए

१५
मधुर बेला खिले होली
आयी हुलियार टोली
तुम्हारे लिए

१६
गुलाल अबीर उड़े गगन
हृदय हुआ मगन
तुम्हारे लिए

१७
मन में बहती रसधार
गुब्बारों का वार
तुम्हारे लिए

१८
होली में मन मुदित
पुष्प हैं सुरभित
तुम्हारे लिए

१९
मिलकर गायें होली फाग
सुनायें मधुर राग
तुम्हारे लिए

२०
दुलैहण्डी का आया दिवस
पिचकारी बरसाती रस
तुम्हारे लिए

२१
सजनी साजन खेंले होली
बोलें मीठी बोली
तुम्हारे लिए

२२
साजन कहे प्रीत निभाऊँ
होली गीत गाऊँ
तुम्हारे लिए

२३
सजनी से कहते साजन
होली बहुत सुहावन
तुम्हारे लिए

२४
सजनी कहे मेरे साजन
होली हो पावन
तुम्हारे लिए

२५
होली रंगों का त्योहार
बढ़ता इससे प्यार
तुम्हारे लिए

२६
देवर भाभी, जीजा साली
होली रंगों वाली
तुम्हारे लिए

२७
देवर-भाभी की होली
करते हँसी ठिठोली
तुम्हारे लिए

२८
भाभी से कहता देवर
गुलाल होली पर
तुम्हारे लिए

२९
देवर को भौजी भाये
होली पर शरमाये
तुम्हारे लिए

३०
जीजा से कहती साली
होली रंगों वाली
तुम्हारे लिए

३१
जीजा पर मस्ती छाई
सालीजी होली आई
तुम्हारे लिए

३२
साली घर जीजा आयें
होली रंग लायें
तुम्हारे लिए

३३
होली का अबीर गुलाल
रंगों की बहार
तुम्हारे लिए

३४
रंग हरे पीले लाल
मिलकर करते धमाल
तुम्हारे लिए

३५
लाल रंग की पंक्ति
लाती है शक्ति
तुम्हारे लिए

३६
हरे रंग से समृद्धि
करती है वृद्धि
तुम्हारे लिए

३७
नारंगी गुलाबी रंग बयार
लाती धैर्य प्यार
तुम्हारे लिए

३८
नीले रंग से ईमानदारी
लाती यश फुहारी
तुम्हारे लिए

३९
वैभव सम्पन्नता प्रतीक सुनहरा
रंग अतिशय गहरा
तुम्हारे लिए

४०
सुख शान्ति देने वाली
होली लाये खुशहाली
तुम्हारे लिए

४१
होली पर हो भाईचारा
बहे प्रीत रसधारा
तुम्हारे लिए

अनुजा दुबे 'पूजा'

१
होली का त्यौहार निराला
खुशियों का पिटारा
तुम्हारे लिए
२
मिलन का यह त्यौहार
रंगो की बौछार
तुम्हारे लिए
३
मस्तानों की टोली आई
रंगबिरंगी होली आई
तुम्हारे लिए
४
सबको अपने गले लगाएं
बैर भाव भुलाएं
तुम्हारे लिए
५
जीवन भरे ढेरों रंग
गुलाल प्रीत संग
तुम्हारे लिए
६
चटकीले रंग और मिठाई
लिए गुलाल आई
तुम्हारे लिए
७
प्रीत प्रेम संग सद्भाव
मिलन के भाव
तुम्हारे लिए
८
रंगों की यह बरसात
लाई है सौगात
तुम्हारे लिए
९
खुशियों की चले पिचकारी
भौजी सुनाए गारी
तुम्हारे लिए
१०
खिल उठे टेसू लाल
उड़ा है गुलाल
तुम्हारे लिए
११
रंगबिरंगी हुई ये डगर
मिलन का सफर
तुम्हारे लिए
१२
चल पड़ी फागुनी बयार
होली का इंतजार
तुम्हारे लिए
१३
नभ हुआ पीला लाल
रंगों का जमाल
तुम्हारे लिए
१४
धूम मचाता रंग जमाता
हँसी ठिठोली कराता
तुम्हारे लिए
१५
होली का है हुड़दंग
मित्र सभी संग
तुम्हारे लिए
१६
छाया भंग का रंग
मस्ती भरी उमंग
तुम्हारे लिए
१७
झांझ ढोल मृदंग बजा
आएगा अब मजा
तुम्हारे लिए
१८
फागुन की है दस्तक
पंहुची मन तक
तुम्हारे लिए
१९
ऋतु बसंत के साथ
होली का मधुमास
तुम्हारे लिए
२०
तन मन हुआ अधीर
मन रंग अंबीर
तुम्हारे लिए
२१
रंग गुलाल अज बरसे
मन मोरा तरसे
तुम्हारे लिए
२२
रखे मर्यादा का ध्यान
होली पर ज्ञान
तुम्हारे लिए
२३
सब मिलकर होली मनाएं
बधाई एवं शुभकामनाएं
तुम्हारे लिए



डॉ.रेखा सक्सेना

मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश

१
फाग मास की पूर्णिमा
चौराहों पर होलिका
तुम्हारे लिए
२
होली है होली है
बजते ढोल नगाड़े
तुम्हारे लिए
३
रंगों के हुड़दंग में
रंगे पुते मदमस्त
तुम्हारे लिए
४
काला नीला लाल पोत
सब दिखते भूत
तुम्हारे लिए
५
तेल पोतके बाहर जाना
नहीं जमेगा रंग
तुम्हारे लिए
६
सेओ पापड़ी गुजिया से
पूजन करें होलिका
तुम्हारे लिए
७
गन्ना चना जौ बाली
परिक्रमा कर भूनें
तुम्हारे लिए
८
